[illegible]

पाली-प्रबोध

HINDUSTANI ACADEMY
Hindi Section
Library
19/3/28

पं० [illegible]

पाली-प्रबोध

संपादक
श्रीदुलारेलाल भार्गव
(सुधा-संपादक)

कुछ उत्तमोत्तम पुस्तकें

मेघदूत विमर्श	२॥)	कुमारसंभव (द्विवेदीजी)	१)
रघुवंश (द्विवेदीजी)	३)	कुमारसंभवसार (,,)	।)
रघुवंश-सार	॥=)	संस्कृत-कवियों की अनोखी सूझ	।=)
वाल्मीकि रामायण (भाषा)	१०), १५)	हर्षचरित-भाषा	॥)
,, (भा० टी०)	७॥), १६)	हिंदी-मेघदूत-विमर्श (कन्हैयालाल पोद्दार)	२)
वेणी-संहार	॥=), ॥)	महाभारत	४), ३), ३)
अमरुक शतक	॥)	मेघदूत (द्विवेदीजी)	।–)
कविता-कौमुदी (चार भाग) प्रति भाग	३)	मेघदूत (राजा लक्ष्मणसिंह)	॥=)
कादंबरी	॥), २॥), ३)	शुक-सागर	८), ४), २॥)
किरातार्जुनीय (द्विवेदीजी)	२)	शुद्ध महाभारत	३)
हितोपदेश	१=), १॥)	शुकोक्ति-सुधा-सागर	३॥)

जब कोई पुस्तक मँगानी हो, तो हमें पत्र अवश्य लिखिए—

संचालक गंगा-पुस्तकमाला-कार्यालय

२९-३०, अमीनाबाद-पार्क, लखनऊ

गंगा-पुस्तकमाला का इक्यानबेवाँ पुष्प

पाली-प्रबोध

लेखक

पं० आद्यादत्त ठाकुर एम्० ए० काव्यतीर्थ

(पाली, प्राकृत और संस्कृत के अध्यापक,

लखनऊ-विश्वविद्यालय)

प्रकाशक

गंगा-पुस्तकमाला-कार्यालय

२९-३०, अमीनाबाद-पार्क

लखनऊ

प्रथमावृत्ति

सजिल्द १॥)] सं० १९८५ वि० [सादी १)

प्रकाशक
श्रीदुलारेलाल भार्गव
अध्यक्ष गंगा-पुस्तकमाला-कार्यालय
लखनऊ

मुद्रक
श्रीदुलारेलाल भार्गव
अध्यक्ष गंगा-फ़ाइनआर्ट-प्रेस
लखनऊ

वक्तव्य

भारतवर्ष में 'पाली' के पठन-पाठन का पुनरुद्धार हो रहा है विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं में तो 'पाली' पाठ्य-विषयों में से है ही; कलकत्ता-संस्कृत-बोर्ड की उच्चतम परीक्षाओं में भी 'पाली' प्रविष्ट हो चुकी है। यह संतोष की बात है। परंतु पाली-साहित्य की पुस्तकें देवनागरी-अक्षरों में अभी तक नहीं के बराबर हैं। व्याकरण पर तो नागरी-अक्षरों में अथवा हिंदी-भाषा में कोई पुस्तक है ही नहीं। पं० विधुशेखर भट्टाचार्यजी ने अपने पाली व्याकरण में उदाहरण अवश्य नागराक्षर में दिए हैं, परंतु नियम और लक्षण आदि की भाषा बँगला है, और अक्षर भी बँगला, जिससे बँगला न जाननेवाले छात्र उससे यथार्थ लाभ नहीं उठा सकते। हिंदी में इस अभाव की पूर्ति करने के लिये मेरे माननीय मित्र पंडित बदरीनाथजी भट्ट तथा सुहृद्वर श्रीयुत दुलारेलालजी भार्गव ने मुझसे आग्रह किया, परंतु अपनी अल्पज्ञता के कारण इतने बड़े महत्त्वपूर्ण कार्य में प्रवृत्त होने का मुझे साहस न हुआ। मुझे आशा थी कि और योग्यतर विद्वान् इस अभाव की पूर्ति करने में अवश्य ही अग्रसर होंगे। परंतु मेरी आशा पूर्ण नहीं हुई और अंत में मुझे ही यथाकथञ्चित् इसका संपादन करना पड़ा। व्याकरण में नए उदाहरण और नियम निकालना यथार्थ मौलिकता है, उसके लिये न मुझे अवकाश था और न साधन। मेरे लिये प्रधान पथ-प्रदर्शक हैं श्रीयुत विधुशेखर भट्टाचार्यजी। इनके पाली-प्रकाश ने मेरा मार्ग अत्यंत सरल कर दिया, और अधिकतर नियम और उदाहरण उसी में से लिए गए हैं। इसके लिये श्रीयुत भट्टाचार्यजी का मैं विशेषतः ऋणी हूँ। किसी-किसी प्रकरण

में म्यूलर और डुरोसील का क्रम मुझे कुछ अच्छा प्रतीत हुआ, वह उनकी पुस्तकों में से लिया गया है, और इस तरह इन तीनों पुस्तकों के आधार पर यह पुस्तक तैयार हुई है। संदिग्ध धस्थलों में जर्मन-विद्वान् विंटरनिज़ के पाली-व्याकरण से साहाय्य मिला, और इसके लिये मेरे माननीय अध्यक्ष श्रीयुत सुब्रह्मण्य अय्यर महोदय धन्यवाद-भाजन हैं, जिन्होंने कृपा करके जर्मन-पुस्तक में देखकर मेरे संदेहों का निराकरण किया।

आद्यादत्त ठाकुर

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
वर्ण-विभाग—	१
स्वर वर्ण ...	१
व्यंजन वर्ण ...	२
संधि प्रकरण— ...	३
स्वर-संधि ...	३
व्यंजन-संधि ...	८
पाली शब्दों के स्वरूप और उनका संस्कृत से संबंध	१०
स्वर परिवर्तन ...	११
व्यंजन परिवर्तन	२१
सुबंत प्रक्रिया—	२६
स्वरांत ...	३०
व्यंजनांत ...	४२
सर्वनाम ...	४६
संख्या शब्द ...	५६
क्रिया-विभाग— ...	६०
भ्वादिगण ...	६१
अदादिगण ...	६४
तुदादिगण ...	६६
दिवादिगण ...	६७
रुधादिगण ...	६८
स्वादिगण ...	६६
क्रयादिगण ...	७०
तनादिगण ...	७०
जुहोत्यादिगण ...	७१
चुरादिगण ...	७२
लोट् लकार ...	७३
विधिलिङ् ...	७५
लिट् ...	७६
लृट् ...	८०
लृङ् ...	८४
लङ् ...	८५
लुङ् ...	८८
णिजंत प्रक्रिया ...	६५
सन्नंत ...	६७
यङंत और यङ्लुगंत	६६
नाम धातु ...	६६
कर्म और भाववाच्य	१००
अव्यय ...	१०३
कृदंत ...	१०६

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
कृत्य प्रत्ययांत ..	११२	तद्धित-प्रकरण ...	१२०
समास-प्रकरण ...	११५	स्त्रीप्रत्यय ...	१२२
कारक और विभक्ति	१२०		

पाठावली

धम्मपद से ...	१२४	राजोवादजातक ...	१३३
धम्मपद की टीका से उद्धृत ...	१२५	महोसधस्स आवाहो	१३६
बालनक्खत्तघुट्ठवत्थु	१२६	महोसधस्स विनिच्छयो	१४०
निर्वाण ...	१२७	चुल्लकसेट्ठि ...	१४१
दसरथजातक ...	१२८	शब्द-कोष ...	१४५

पाली-प्रबोध

वर्ण-विभाग

वैदिक भाषा में ६४ अक्षर माने गए हैं। यह संख्या शनैः-शनैः कम होती गई। वर्तमान संस्कृत में ५० हो गई। पाली तक पहुँचते-पहुँचते वह संख्या और भी क्षीण हो गई।

स्वर—पाली में केवल आठ स्वर पाए जाते हैं। यथा—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए और ओ।

ऋकार के स्थान में कहीं अ, कहीं इ और कहीं उ होते हैं। उदाहरणार्थ ऋ के स्थान में अ का प्रयोग—गृहं = गहं; नृत्यं = नच्चं।

ऋ के स्थान में इ—ऋणम् = इणं; ऋषि = इसि; शृंग = सिंग।

ऋ के स्थान में उ—ऋतु = उतु; ऋषभ = उसभो।

ऌकार का प्रयोग तो संस्कृत में ही बहुत विरल है, पाली में तो उसका सर्वथा अभाव है।

ऐ और औ भी पाली में नहीं पाए जाते।

ऐ के स्थान में प्रायः ए मिलता है। यथा—ऐरावण = एरावणो; वैमानिक = वेमानिक; वैयाकरण = वेय्याकरण।

कहीं-कहीं ऐ के स्थान में इकार तथा ईकार देखे जाते हैं। यथा—

ग्रैवेयं = गीवेय्यं; सैंधवः = सिंधवो। औ के स्थान में अधिकतर ओ देखा जाता है। यथा—

औदरिकः = ओदरिकः; दौवारिकः = दोवारिको।

कहीं-कहीं उ भी देखा जाता है। यथा—मौक्तिकं = मुक्तिकं; औद्धत्यं = उद्धत्यं।

व्यंजन वर्ण

पाली में शकार तथा षकार का प्रयोग नहीं पाया जाता। इनके स्थान में केवल दंत्य सकार देखा जाता है।

साधारण विशेषताएँ जो पाली में पाई जाती हैं—

(१) पाली में पद के अंत में हल् (व्यंजन) नहीं मिलता। संस्कृत में जो पद हलंत होते हैं, उनके अंत हल् का पाली में लोप हो जाता है। यथा—विद्युत् = विज्जु ; पश्चात् = पच्छा ; समंतात् = समंता ; गुणवान् = गुणवा ।

(२) पाणिनीय व्याकरण के अनुसार पद के अंत में स्थित म् के स्थान में अनुस्वार नहीं होता, किंतु सारस्वत व्याकरण के अनुसार होता है।

पाली में अंत्य म् के स्थान में नित्य अनुस्वार होता है। यथा—

चित्तम् = चित्तं ; तीर्थम् = तित्थं ।

(३) पाली में विसर्ग का प्रयोग नहीं पाया जाता। संस्कृत के अकारांत पद के अंत में जो विसर्ग होता है, उसके स्थान में पाली में ओ होता है; अन्यत्र (अकारांत पद से भिन्न स्थल में) विसर्ग का प्रायः लोप होता है। यथा—

देवः = देवो ; कः = को ; एषः = एसो ; भिक्षुः = भिक्खु ; अग्निः = अग्गि ; धेनुः = धेनु ।

नोट—पद के मध्यस्थित विसर्ग के नियम भिन्न हैं। उनका यथा-स्थान उल्लेख होगा।

(४) पाली में रेफ का प्रयोग नहीं होता। संस्कृत के रेफ का पाली में प्रायः लोप हो जाता है और परवर्ण का प्रायः द्वित्व होता है। यथा—

कर्म = कम्म; सर्वः = सब्बो ; निर्जलः = निज्जलो ।

यदि रेफ हकार के ऊपर हो, तो दोनों के बीच में अकार आ जाता है और कहीं-कहीं इकार आ जाता है—

तर्हि = तरहि; महार्हः = महारहो; गर्हणम् = गरहणं; बर्हं = बरिहं; बर्ही = बरिही।

यदि रेफ यकार पर हो, तो रेफ सहित यकार के स्थान में प्रायः रिय होता है—अथच कहीं-कहीं उसका लोप देखा जाता है।

निर् उपसर्ग का रेफ यदि हकार पर हो, तो रेफ का लोप होता है और पूर्वस्थित नि का ह्रस्व इकार दीर्घ हो जाता है—

कार्यम् = करियं, कय्यं; आर्यः = अरियो; अय्यो। पर्यंकः = परियंको; कदर्यम् = कदरियं; भार्या = भरिया; सूर्यः = सुरियो; पर्यादानं = परियादानं; पर्यायः = परियायो।

निर्हरणम् = नीहरणं; निर्हतः = नीहतो।

पद के आदिवर्ण में स्थित रेफ का प्रायः लोप देखा जाता है। यथा—क्रीतः = कीतो; क्रुध्यति = कुज्झति; ग्रहणम् = गहणं; प्रेतः = पेतो।

पद के मध्यस्थित वर्ण के साथ यदि रेफ का संयोग हो, तो रेफ का लोप होता है और जिस वर्ण में रेफ का संयोग होता है, उसे द्वित्व होता है। यथा—

प्रक्रमः = पक्कमो; समग्रः = समग्गो।

अपवाद—

पद के मध्य अथवा अंत में एक से अधिक व्यंजन वर्ण के बाद रेफ आने से उसका केवल लोप होता है, द्वित्व कार्य नहीं होता। यथा—

इंद्रः = इंदो; अन्त्रम् = अन्तं।

संधि प्रकरण

स्वर संधि

(१) स्वर वर्ण से पर यदि तद्भिन्न स्वर वर्ण हो, तो कहीं-कहीं पूर्व स्वर का लोप होता है—

यस्स + इन्द्रियाणि = यस्सिन्द्रियाणि।

अज्ज + उपोसथो = अज्जुपोसथो।

महा + इच्छो = महिच्छो ।

महा + ओघो = महोघो ।

मे + अत्थि = मत्थि ।

उदधि + ऊमियो = उदधूमियो ।

अग्गि + आहितो = अग्गाहितो ।

भिक्खुनि + ओवादो = भिक्खुनोवादो ।

मनसि + इच्छति = मनसिच्छति ।

एसो + आवुसो = एसावुसो ।

(२) स्वर से पर तद्भिन्न स्वर आने से, कभी-कभी पर स्वर का लोप होता है । यथा—

चत्तारो + इमे = चत्तारोमे ।

चक्खु + इन्द्रियाणि = चक्खुद्रियाणि ।

ते + इमे = तेमे ।

ते + अपि = तेपि ।

सञ्ञा + इति = सञ्ञाति ।

छाया + इव = छायाव ।

अकतंजू + असि = अकतंजूसि । (अकृतज्ञोऽसि)

आकासे + इव = आकासेव ।

वसलो + इति = वसलोति ।

(३) पूर्व स्वर के लोप होने पर कभी-कभी पर स्वर (यदि ह्रस्व-हो तो) दीर्घ हो जाता है—

कम्म + उपनिस्सयो = कम्मूपनिस्सयो ।

सद्धा + इध = सद्धेध । (श्रद्धेह)

अप्पस्सुतो + अयं = अप्पस्सुतायं ।

दुक्खो + अयं = दुक्खायं ।

योपि + अयं = योपायं ।

सचे + अहं = सचाहं ।

तदा + उपसम्मत्ति = तदूपसम्मन्ति ।

(४) पर स्वर के लोप होने पर, कभी-कभी पूर्व स्वर (यदि ह्रस्व हो तो) दीर्घ हो जाता है—

सु + इध = सूध (स्विह)

साधु + इति = साधूति ।

लोकस्स + इति = लोकस्साति ।

देव + इति = देवाति ।

वि + अतिमानेति = वीतिमानेति ।

किंसु + इधवित्तं = किंसूधवित्तं ।

वि + अति सारेति = वीतिसारेति ।

विज्जु + इव = विज्जुव ।

निम्न स्थलों में दीर्घकार्य नहीं होता—

इति + अस्स = इतिस्स, यस्स + इदानि = यस्सदानि ।

(५) अवर्ण, इवर्ण अथवा उवर्ण से पर सवर्ण स्वर आने से, संस्कृत के सदृश, दोनों मिलकर सवर्ण दीर्घ होता है—

जाण × आलोकेन = जाणालोकेन ।

देमि + इति = देमीति ।

बुद्ध + अनुस्सति = बुद्धानुस्सति ।

सम्मन्ति + इध = सम्मन्तीध ।

बहु + उपकारं = बहूपकारं ।

(६) अकार अथवा आकार से पर इकार आने से एकार और उकार आने से ओकार होता है—

अव + इच्च = अवेच्च ।

उप + इतो = उपेतो ।

मुख + उदकं = मुखोदकं ।

चंद + उदयं = चंदोदयं ।

(७) इकार से पर असवर्ण स्वर रहने से इकार के स्थान में प्रायः यकार होता है—

वि + आकतो = व्याकतो ।

अग्गि + आगार = अग्ग्यागार ।

अपवाद—

गच्छामि + अहं = गच्छामहं ।

ऐसी ही स्थिति में इकार के स्थान में कभी-कभी इय् होता है—

अग्गि + आगारे = अग्गियागारे ।

पंचमी + अत्थे = पंचमियत्थे ।

परि + एसना = परियेसना ।

(८) ओकार अथवा उकार से पर असवर्ण स्वर रहने से ओकार और उकार के स्थान में कभी-कभी व होता है—

को + अत्थो = क्वत्थो ।

यो + अयं = य्वायं ।

सो + अस्स = स्वास्स ।

यतो + अधिकरणं = यत्वाधिकरणं ।

अथखो + अस्स = अथ ख्वस्स ।

दु + आकारो = द्वाकारो ।

वत्थु + एव = वत्थ्वेव ।

सु + आगतं = स्वागतं ।

अनु + एति = अन्वेति ।

नतु + एवं = नत्वेव ।

उकार से पर असवर्ण स्वर रहने से कभी-कभी उकार के स्थान में उव् होता है—

पुथु + आसने = पुथुवासने ।

(९) एकार से पर स्वर वर्ण (प्रायः अकार) रहने से कभी-कभी एकार का लोप हो जाता है,और परवर्ती ह्रस्व अकार दीर्घ हो जाता है—

मे+अयं = म्यायं; ते + अहं = त्याहं ; पब्बते + अहं = पब्बत्याहं ।

(१०) दीर्घ स्वर से पर एव होने से कभी-कभी एव के एकार के स्थान में विकल्प से 'रि' आदेश होता है, और पूर्वस्थित दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है—

यथा + एव = यथरिव, यथेव ।

तथा + एव = तथरिव, तथेव ।

कभी-कभी ह्रस्व स्वर से पर इव अथवा एव आने से उसे रेफ का आगम होता है—

विज्जु + इव = विज्जुरिव । सब्भि + एव = सब्भिरेव ।

(११) कभी-कभी केवल उच्चारण सौकर्य के लिये या कभी-कभी छंद के अनुरोध से व्यंजन वर्ण से पूर्व स्थितह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है—

सम्म + धम्मो = सम्माधम्मो । (सम्यग्धर्मः)

मुनि + चरे = मुनीचरे ।

खंति+परमं = खंतीपरमं ।

जायति+सोको = जायतीसोको ।

(१२) साधारणतः इदं शब्द तथा एव शब्द पर में रहने से उच्चारण सौकर्य के लिये मध्य में यकार का आगम होता है—

मा+इदं = मयिदं ; न+इदं = नयिदं ; न + इमानि = नयिमानि ।

नव+इमे = नवयिमे ; न + एव = नयेव ।

तेसु + एव = तेसुयेव; सो + एव = सोयेव ।

(१३) कभी-कभी स्वर वर्ण पर में रहने से पूर्ववर्ती स्वर को मकार का आगम होता है—

लघु + एस्सत्ति = लघुमेस्सत्ति ।

कसा + इव = कसामिव ।

गिरि + इव = गिरिमिव ।

येन + इध = येनमिध ।

आकासे + अभि-पूजयि = आकासेमभिपूजयि ।

(१४) कभी-कभी इसी तरह दो स्वरों के बीच में उच्चारण सौकर्य के लिये नकार का आगम होता है—

चिरं + आयति = चिरंनायति ।

इतो + आयति = इतोनायति ।

अविज्जा + अहोसि = अविज्जा नाहोसि ।

(१५) कभी-कभी ऐसे ही स्थलों में दकार का आगम होता है—

सम्मा + अत्थो = सम्मदत्थो ।

(१६) वृत्त के अनुरोध से तथा उच्चारण-सुविधा के लिये कभी-कभी पूर्ववर्ती अनुस्वार का लोप होता है—

एवं + अहं = एवाहं ; कथं + अहं = कथाहं ।

बुद्धानं + सासनं = बुद्धानसासनं ।

(१७) कभी-कभी अनुस्वार से पर स्थित स्वर का लोप होता है—

अभिनंदुं + इति = अभिनंदु'ति ।

कतं + इति = कतंति । (कृतमिति)

किं + इति = किंति ।

बीजं + इव = बीजंव ।

इदं + अपि = इदंपि ।

दातुं + अपि = दातुंपि ।

किं + इदानि = किंदानि ।

विकल्प से किमिति आदि प्रयोग भी उपलब्ध होते हैं ।

व्यंजन संधि

स्वरांत पद से पर हलादि पद आने से भी कभी-कभी छंद के अनुरोध से पूर्वस्थित स्वर में विकार होता है—

(१) कभी-कभी व्यंजनादि पद से पूर्व स्थित दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है। यथा—

यथा + भावी + गुणेन = यथभाविगुणेन।

यिट्ठं वा हुतं वा लोके + यिट्ठं व हुतं व लोके (इट्ठं वा हुतं वा लोके)

(२) कभी-कभी पूर्वस्थित ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है—

एवं गामे मुनि चरे = एवं गामे मुनी चरे।

सु + रक्खं = सूरक्खं।

(३) स्वरांत पद अथवा निपात से परवर्ती व्यंजन को कभी-कभी द्वित्व होता है—

इध + पमादो = इधप्पमादो।

सु + पट्ठितो = सुप्पट्ठितो।

वि + पयुत्तो = विप्पयुत्तो।

अ + पतिवत्तियो = अप्पतिवत्तियो।

प + कमो = पक्कमो।

यथा + कमं = यथक्कमं।

वि + जोतति = विज्जोतति।

कत + ञु = कतंञु।

दु + लभो = दुल्लभो।

दु + सीलो = दुस्सीलो।

नोट—इन उदाहरणों से प्रकट होगा कि पूर्व में, संस्कृत में, जो संयुक्त अक्षर थे, पाली में आकर उनमें से एक (प्रायः रेफ) का लोप हो गया था। उपसर्गादि के वश से उनमें द्वित्व होकर उनका परिमाण फिर पूर्ववत् हो गया।

यथा इध पमादो में प्रमाद (सं०) के स्थान में पमाद हुआ था। अब इध के संपर्क से पकार को द्वित्व होने से रेफ की

क्ति की पूर्ति हो गई । इसी प्रकार अन्य पदों को समझना चाहिए ।

उ, उप, परि, नि, दु इत्यादि उपसर्गों से पर व्यंजन को प्रायः द्वित्व होता है ।

द्वित्व प्रकरण में वकार के स्थान में बकार होता है, तथा महाप्राण (वर्ग के द्वितीय तथा चतुर्थ) अक्षरों के स्थान में उनके अल्पप्राण (प्रथम तथा तृतीय) अक्षर होते हैं—

नि + वानं = निब्बानं । नि + वायति = निब्बायति ।

दु + विनिच्छयो = दुब्बिनिच्छयो ।

पाली शब्दों के स्वरूप और उनका संस्कृत से संबंध

पाली भाषा संस्कृत से ही निकली है, अथवा उससे स्वतंत्र है, इस विषय में विद्वज्जनों में मतभेद है । प्राचीन परिपाटी के पोषक पंडितप्रवर पाली को जननी संस्कृत को ही मानते हैं । इनके मत में जिस प्रकार अन्य प्राकृत संस्कृत से निकलीं, उसी तरह पाली भी प्राकृत के एक भेद में से है, और वह सर्वथा संस्कृत से ही प्रसूत है । इसके विपरीत कुछ आधुनिक पंडितों की यह धारणा है कि संस्कृत और पाली सर्वथा स्वतंत्र हैं, उनमें जनक जन्य संबंध नहीं है । दोनों पृथक्-पृथक् हैं । वे दोनों ही किसी एक साधारण स्रोत से भले ही प्रादुर्भूत हों, और इस तरह एक दूसरे की बहनें चाहे हो सकती हैं, पर जननी और जन्या का संबंध कदापि स्वीकृत नहीं हो सकता । इन दोनों मतों में से कौन कितने महत्त्व का है, इसके विवेचन का यह स्थल नहीं । जो लोग पाली को संस्कृत से निकली हुई मानते हैं, उनका संस्कृत और पाली के रूपों में भेद प्रदर्शन करना, अथच उसके साधारण नियमों का उल्लेख करना उचित ही है, परंतु जो लोग पाली और संस्कृत को सर्वथा भिन्न मानते हैं, उन्होंने भी—ज्ञानतः

अथवा अज्ञानतः, तुलनात्मक भाषा-विज्ञान की दृष्टि से ही अथवा और किसी कारण से—संस्कृत को ही मूल मानकर पाली रूपों में विकार होने के नियमों का उल्लेख किया है। प्रायः सभी पाली वैयाकरणों ने संस्कृत से पाली में परिवर्तन होने के ही नियमों का उल्लेख किया है। चाहे उनके मत में संस्कृत से पाली प्रादुर्भूत हो या न हो। यहाँ भी उसी सिद्धांत के अनुसार, विवादग्रस्त विषय की विवेचना किए बिना ही, संस्कृत को मूल मानकर पाली और संस्कृत में क्या-क्या अंतर हैं उनका साधारणतः उल्लेख किया जाता है। यहाँ यह लिख देना भी अत्यंत आवश्यक है कि संस्कृत से पाली में परिवर्तन होने के जो नियम दिए गए हैं, वे सार्वत्रिक कदापि नहीं हैं—प्रायिक हैं और उनके अपवाद रूप अनेक उदाहरण मिलते हैं; केवल सामान्य नियमों का यहाँ उल्लेख है; विवादग्रस्त नियम छोड़ दिए गए हैं।

(१) संस्कृत के ह्रस्व अकार के स्थान में भिन्न-भिन्न स्थलों में भिन्न-भिन्न प्रकार के परिवर्तन देखे जाते हैं। यथा—

(अ) कभी-कभी अकार के स्थान में ए होता है। यह परवर्ती संयुक्त अक्षर के कारण होता है, यह ध्यान देने योग्य है। यथा—

एत्थ—अत्र।

उभयेत्थ—उभयत्र।

हेट्ठा—अधस्तात्।

(आ) कभी-कभी अ के स्थान में इ देखा जाता है। यथा—

तिपु—त्रपु—(सीसा).

कलिभक—कदंब।

पिलाल—पलाल। (धान का पयाल)

तिमिस—तमस्—अंधकार।

तिमिस्सा—तमिस्रा।

(इ) कभी-कभी अ के स्थान में उ होता है, यह विशेष करके उस स्थल में देखा जाता है, जहाँ उससे पूर्व अथवा पर में (कभी-कभी कुछ दूर भी) पवर्ग का कोई अक्षर रहता है।

सम्मुंजनी, सम्मुज्जनी—सम्मार्जनी—झाड़ू।

निब्बुसितत्ता—निरवसितात्मा।

निमुज्जति—निमज्जति।

पुथुज्जन—पृथग्जन—साधारण श्रेणी का जन।

पण्णुवीसति—पंचविंशति।

पवर्ग का प्रभाव जहाँ नहीं रहता है, ऐसे स्थल भी मिलते हैं, यथा—थुनंति—स्तनंति।

अज्जुक—अर्जक।

आगु—आगस्। (अपराध)

पंजुण्ण—पर्जन्य। (मेघ)

सज्जु—सद्यः।

उसूया—असूया।

(ई) कहीं-कहीं अ के स्थान में ओ भी मिलता है—

संमोस—संमर्श।

अंतो—अंतर।

तिरोक्ख—तिरस्क।

(२) संस्कृत के इ्कार के स्थान में—

(अ) कभी-कभी अ होता है—

काकणिका—काकिणिका—कौड़ी।

पठवी—पृथिवी।

पोक्खरणी—पुष्करिणी।

घरणी—गृहिणी।

(आ) कभी-कभी ए होता है—

एत्त—इयत् । (इतना)
विहेसा—विहिंसा ।
वेहागमन—विहायोगमन । (विहायस = आकाश,)
वेमतिक—विमतिक ।
वेमज्झ— विमध्य ।
मंजेट्ठा—मंजिष्ठा । (मजीठ)
माता पेत्तिभर—मातापितृभरः ।
एट्ठि— इष्टि । (यज्ञ अथवा इच्छा)
(इ) कभी-कभी उ होता है—
कुक्कु—किष्कु—एक प्रकार की नाप लबाई की ।
निच्छुभियति —निच्छुभति—निच्छूभति—निःक्षीवति ।
राजुल—राजिल ।
गेरुक —गैरिक ।
(३) ईकार के स्थान में—
(अ) अकार—भस्म —भीष्म । (भयंकर)
(आ) आकार—तिरच्छान—तिरश्चीन ।
(इ) एकार—एरेति—ईरयति ।
(ई) उकार—ठुभ-ष्ठीव ।
निट्ठुहति, निट्ठुभति—निष्ठीवति ।
(४) उकार के स्थान में—
(अ) अकार—सक्खलि—शष्कुलि ।
अगरु , अगलु—अगुरु ।
दुद्रभि—दुंदुभि ।
वाकरा, वाकर—वागुरा । (जाल)
फल्लति—फुल्लति ।
फरति—स्फुरति ।

(आ) इ—मुदिता—मृदुता ।

सिप्पी—शुक्ति ।

(इ) कभी-कभी विशेष करके संयुक्त अक्षर से पूर्व—ओकार होता है । यथा—

ओक्का—उल्का ।

पामोक्ख—प्रमुख्य ।

कहीं-कहीं संयुक्त अक्षर पर में न रहने पर भी ओकार होता है—

कोलंज—कुंलज ।

अनोपम—अनुपम ।

(५) एकार के स्थान में—

(अ) अकार—

मिलक्ख—म्लेच्छ ।

(आ) आ—कायूर—केयूर ।

(इ) संयुक्त अक्षर से पूर्व—इकार देखा जाता है ।

पसिब्बक—प्रसेवक । (थैली)

पटिविस्सक—प्रतिवेशक । (पड़ोसी)

उब्बिल्ल—उद्वेल ।

(ई) कहीं-कहीं आकार भी देखा जाता है ।

मंकता—मत्कृते ।

अतिप्पगे—अतिप्रगे—(अत्यत सबेरे)

(६) संस्कृत के ओकार के स्थान में संयुक्त अक्षर से पूर्व ह्रस्व उकार और असंयुक्त से पूर्व दीर्घ उकार होता है । यथा—

जुण्हा—ज्योत्स्ना (चाँदनी) ।

तुत्त—तोत्र (अंकुश) ।

विसूक—विशोक ।

दूभ—द्रोह ।

खज्जूपनक—खद्योतनक। (जुगनूकीड़ा)

आरूग्य (आरोग्य) यहाँ संयुक्त से पूर्व भी दीर्घ उकार है।

संयुक्त अक्षर से पूर्व यदि दीर्घ स्वर हो, तो वह प्रायः ह्रस्व हो जाता है, इसमें सिद्धांत यह माना जाता है कि ह्रस्व के बाद संयुक्त अक्षर आने से संयोगे 'गुरु' के सिद्धांत के अनुसार 'गुरु' वह रहता ही है। तब यथार्थ में, ह्रस्व हो जाने पर भी, उसके परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता। प्रत्युत ह्रस्व होने से उच्चारण में कुछ सौकर्य हो जाता है। किंतु पुरानी लिखित पुस्तकों में यह नियम सर्वत्र नहीं देख जाता। कहीं तो दीर्घ के स्थान में दीर्घ ही लिखा गया है, कहीं ह्रस्व कर दिया गया है। इसके ठीक विपरीत कहीं-कहीं संयुक्त से पूर्व दीर्घ स्वर को ह्रस्व न करके संयुक्त अक्षर में से ही एक का लोप कर दिया जाता है। दोनों के उदाहरण नीचे दिए जाते हैं—

अज्जवं—आर्जवम्। कोई-कोई आजवं लिखते हैं।

दब्बी—दार्वी।

कुछ लोगों का मत है कि दीर्घ स्वर वहीं रखना चाहिए, जहाँ संधि होकर दीर्घ स्वर आया हो। अन्य स्थलों में दीर्घ को ह्रस्व कर देना चाहिए। यथा—नाग्घति—न + आग्घति = नाग्घति यहाँ दो अकार की संधि के कारण दीर्घ हुआ है, इसमें ह्रस्व नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार—पियाप्पिय में ह्रस्व न होना चाहिए। क्योंकि यह भी संधिजन्य दीर्घ है। यथा—पिय + अप्पिय = पियाप्पिय।

वर्ग के पंचम अक्षर के साथ संयोग रहने पर उससे पूर्ववर्ती दीर्घ के स्थान में प्रायः ह्रस्व हो जाता है। यथा—

संत—शांत। दंत—दांत। वंत—वांत। परंतु इसमें भी कहीं-कहीं व्यतिक्रम मिलता है। यथा—लांगन किच्च (लांगलकृत्य) यहाँ ल में ह्रस्व अकार होना चाहिए था।

दूसरे प्रकार के संयुक्त अक्षरों में यह नियम अत्यंत शिथिल है। कहीं दीर्घ मिलता है। यथा—अतिवाक्य—

कहीं-कहीं ह्रस्व मिलता है। यथा—सक्य, सक्क सकिय = शाक्य। दुस्सील्य (दौःशील्य); ञत्वा (ज्ञात्वा); भित्वा (भीत्वा)। कहीं-कहीं दोनों मिलते हैं—आख्यात, अक्खात, पहत्वान, पहात्वान—(प्रहाय) बल्य, बाल्य; कम्यता—काम्यता; बह्य—बाह्य।

संयुक्त अक्षर के साथ दीर्घ स्वर की अड़चन को दूर करने के लिये जहाँ संयुक्त अक्षर में से एक का लोप हो जाता है, उसके उदाहरण ये हैं—

आजव—आर्जव।

ऊमि—ऊर्मि। कहीं-कहीं उम्मि भी मिलता है।

भाणक—भांडक।

भूज—भूर्ज।

अहासि—अहार्षीत्।

इसी प्रकार कहीं-कहीं ह्रस्व से पर संयुक्त अक्षर रहने पर संयुक्त अक्षर में से एक का लोप हो जाता है, और पूर्व स्थित ह्रस्व दीर्घ हो जाता है। यथा—

सजीव—सज्जीव (सद्+जीव)।

वूपकासति—व्युपकर्षति।

स्वासन—श्वस्तन। (आगामिदिन होनेवाला)

वाक—वल्क।

संकापयति—संकल्पयति।

उत् उपसर्ग के द् का प्रायः लोप होकर उकार दीर्घ हो जाता है यथा—ऊहसन+उत्—हसन।

ऊहंजजइ—उद्धन्यते।

ऊहत+उद्धत।

इस नियम से ठीक विपरीत यह भी देखा जाता है कि कहीं-कहीं संयुक्त अक्षर से पूर्ववर्ती दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है। कभी-कभी तो संयुक्त अक्षर पर में न रहने पर भी दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है।

बहुन्नं—बहूनाम्। पितुन्नं—पितृणाम्।

तिण्णं। पंचन्नं। भुम्मि—भूमि।

मत्तिसंभव—मातृसंभव।

मातुमत्तिक—मातृमातृक।

उण्हिस्स—उष्णीष।

निड्ढ—नीड।

सुत्त—स्यूत।

जन्नु—जानु।

एकार और ओकार जब संयुक्त अक्षर से पूर्व आते हैं, तब उनका उच्चारण ह्रस्व के समान होता है। यथा सेय्या।

एकार के बाद यकार को द्वित्व होता है और एकार का उच्चारण ह्रस्व हो जाता है—सेय्यो—श्रेयः। मच्चुधेय्य—मृत्युधेय। केयूर में द्वित्व नहीं होता। यहाँ एकार के स्थान में आकार हो जाता है। यथा—कायूर—केयूर।

इसी प्रकार ओकार से परे वकार को द्वित्व होता है और ओकार का उच्चारण ह्रस्व होता है—योब्बन—यौवन। अब्बोच्छिन्न—अव्यवच्छिन्न। ओक्खित्त—अवक्षिप्त।

आकारांत धातु—ज्ञा, दा, स्था प्रभृति से जो रूप बनते हैं, उनमें इन धातुओं का आकार ह्रस्व हो जाता है—

पञ्जवा—प्रज्ञावत्।

पट्ठेति—प्रस्थापयति।

संखत—संख्यात. ('संस्कृत' से भी संखत बनता है)। धातु के मध्य में स्थित आकार भी प्रायः ह्रस्व हो जाता है—

गहति, गहेति—गाहते ।

उपसर्गस्थ ह्रस्व स्वर प्रायः दीर्घ हो जाता है । यथा—

पाटिभोग—प्रतिभोग ।

पावचन—प्रवचन ।

पाकट—प्रकट ।

पाहेति—प्रहिणोति ।

परंतु कहीं उपसर्ग से अतिरिक्त स्थलों में भी अकार के स्थान में दीर्घ आकार देखा जाता है—

आलिंद—अलिंद (आंगन) ।

आजिर—अजिर ।

पायास—पायस (खीर) ।

गाव्यूत—गव्यूति ।

उम्मार—उदुंबर, द्वारदेश ।

फलाफल—फलफल ।

खण्डाखण्डं—खण्डण्खडम् ।

जैसा कि पहले लिखा गया है म् के स्थान में, पदांत में, अनुस्वार होता है । परंतु पद के मध्य में अनुस्वार भी होता है और विकल्प से परस्थित वर्ण का पंचम वर्ण उसके स्थान में होता है । कुङ्कुम और कुंकुम ; सङ्क्रान्ति और संक्रांति ; सण्डास और संडास आदि दोनों ही प्रकार के प्रयोग पाए जाते हैं ।

जकार से पूर्व या तो अनुस्वार ही बना रहता है अथवा अनुस्वार और जकार, दोनों ही के स्थान में ञ्ज हो जाता है । यथा—संयोग अथवा सञ्जोग ।

हकार का संयोग जब वर्ग के पंचम अक्षर से होता है, तब प्रायः दोनों में स्थानविनिमय हो जाता है । चिन्ह—सं० चिह्न ; पुब्बन्ह—सं० पूर्वाह्ण ; मज्झन्ह—सं० मध्याह्न ।

कभी-कभी अनुस्वार सहित ह्रस्व स्वर में अनुस्वार का लोप हो जाता है और ह्रस्व स्वर को दीर्घ हो जाता है—

सीह—सिंह ; वीसति—विंशति ; सन्देस—संदेश ; दाठा—दंष्ट्रा । यह नियम सम् उपसर्ग में अधिकतर देखा जाता है, विशेष करके जब उसके बाद रेफ आता है। यथा—सारागं = संराग; सारंभ—संरंभ ; सारंभी—संरंभी ।

इससे ठीक विपरीत, कभी-कभी दीर्घ स्वर के स्थान में ह्रस्व होता है और परिमाण पूरा करने के लिये ह्रस्व में अनुस्वार हो जाता है। यथा—नंग—नाग (सर्प) ।

सनंतन—सनातन; पिंज—पिच्छ (पूँछ) ।

सम्मुञ्जनी—सम्मार्जनी (झाड़ू); संवरी—शर्वरी । इन दोनों उदाहरणों में रेफ का लोप भी हुआ है ।

कभी-कभी ह्रस्व स्वर में भी अनुस्वार आ जाता है । यथा—

महिंस—महिष; दण्ढ—दृढ ।

मङ्कतो—मत्कृते (मेरे लिये) ।

मङ्कुल—मत्कुण (खटमल) ।

अंच—अर्च (पूजा करना) ।

सिंगाल—शृगाल ।

कभी-कभी पद के अंत में अनुस्वार अथवा नकार जोड़ दिया जाता है—

सक्कच्चं—सत्कृत्य ।

कुदाचनं—कदाचन ।

अञ्ञदत्थुं—अन्यदस्तु ।

तत्थंच—तत्र च ।

नकार का उदाहरण—चिरन्नायति ।

कभी-कभी समास के पूर्व अवयव में अनुस्वार आगम हो जाता है—

अतलप्फस्स—अतलस्पर्श ।

सब्बञ्ञह—सर्वज्ञ ।

अन्धन्तम—अन्धतमस् ।

कभी-कभी पद-मध्यस्थित स्वर का लोप हो जाता है । यथा—

अग्ग —सं० अगार । यहाँ रेफ के स्थान में ग हुआ है और बीचवाले आकार का लोप हुआ है । धीता—सं० दुहिता । यहाँ द के उकार का लोप हुआ है और द और ह मिलकर ध हो गया है; फिर इकार दीर्घ हो गया है । पुरानी हिंदी में भी पुत्री के लिये धिया शब्द मिलता है ।

पद के आदि में कभी-कभी स्वर लुप्त हो जाता है । यथा—

लङ्कार—सं० अलङ्कार; नुमति—सं० अनुमति ।

परज्झति—अपराध्यति ।

पवन—उपवन ।

संस्कृत में भी अव और अपि के अकार का लोप, भागुरि आचार्य के मत से, माना गया है । उसी का यह और अधिकता से विकास ज्ञात होता है । इति का भी प्रायः ति रह जाता है । इव का व रह जाता है । इसका उल्लेख संधि-प्रकरण में है । पद के आदि में स्वर जोड़ने का उदाहरण है—इत्थी (स्त्रीः) । ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है । उच्चारण में सौकर्य होना ही इसका मुख्य हेतु है ।

कहीं-कही पद के बीच में भी स्वर आ जाते हैं ।

किलेस—सं० क्लेश ।

आचारिय—आचार्य ।

हियो या हिय्यो—ह्यः ।

अरहति—अर्हति ।

हरद—ह्रद ।

सिरी—श्रीः ।

हिरी—ह्री ।

पिलवति—प्लवति ।

व्यंजन परिवर्तन

Guttural—संस्कृत के कवर्ग के स्थान में, पाली में परिवर्तन होने पर, प्रायः चवर्ग होता है । यथा—

चुण्ड—कुण्ड ।

Patatals—संस्कृत के चवर्ग के स्थान में पाली में कवर्ग होता है । यथा—भिसक्क—सं० भिषज ।

मिलक्ख—म्लेच्छ ।

पभंगून—प्रभञ्जन (वायु) ।

कभी-कभी अक्षरों में परस्पर परिवर्तन होते देखे गए हैं । यथा—

(१) ध के स्थान में ह—रुहिरो—सं० रुधिर ।

(२) त के स्थान में द—सुगदो—सं० सुगतः ।

ग

(३) त के स्थान में ट—पहटो—सं० प्रहतः ।

(४) ग के स्थान में क ।

(५) र के स्थान में ल—पलिपन्नो—परिपन्न ।

(६) य के स्थान में ज—गवजो—सं० गवयः ।

(७) ज के स्थान में य—नियम्पुत्तं—सं० निजम्पुत्रम् ।

(८) त के स्थान में क—नियको—नियत ।

Assimilation—Progressive and Regressive.

कभी-कभी जब दो व्यंजनों का संयोग रहता है, पूर्व अक्षर को पररूप हो जाता है, अर्थात् पूर्व अक्षर अपने पर के अक्षर में परिवर्तित हो जाता है । पाली में इस प्रकार पररूपवाला प्रयोग प्रचुरता से पाया जाता है ।

(१) जब किसी स्पर्श वर्ण का (क से लेकर म पर्यंत वर्ण स्पर्श कहलाते हैं), तो पूर्व वर्ण को पर रूप होता है—

सक् + त = सत्त ।

सक् + थि = सत्थि ।

तप् + त = तत्त ।

उद् + कम्पेति = उक्कम्पेति ।

तद् + करो = तक्करो ।

उद् + गच्छति = उग्गच्छति ।

भुज् + त = भुत्त ।

मुच् + त = मुत्त ।

उद् + चिनति = उच्चिनति ।

उद् + छेदी = उच्छेदी ।

उद् + जल—उज्जल ।

उद् + झायति—उज्झायति ।

नोट—यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि ये परिवर्तन प्रायः संस्कृत की संधि के अनुसार ही हुए हैं ।

उद् + गण्हाति = उग्गण्हाति ।

उद् + खिपति = उक्खिपति ।

उद् + छिन्दति = उच्छिन्दति ।

उद् + तिण्ण = उत्तिण्ण ।

उद् + लोकेति = उल्लोकेति ।

तद् + पुरिस = तप्पुरिस ।

(२) कहीं-कहीं दो व्यंजनों के योग होने पर परव्यंजन को पूर्व रूप होता है, अर्थात् पर व्यंजन के स्थान में पूर्व वर्ण हो जाता है—

पाप् + नोति = पप्पोति ।

कुट्ट + त = कुट्ट ।

रुध + त = रुद्ध ।

लभ + त = लद्ध ।

नोट—यहाँ भी संधि होने से रुद्ध, लद्ध आदि रूप होते हैं ।

(३) कभी-कभी तालव्य अक्षर के बाद दंत्य अक्षर के प्रथम चार वर्णों में से कोई आता है, तो दोनों वर्ण मूर्धन्य वर्ण में परिणत हो जाते हैं । यथा—

मज् + त = मट्ठ या मट्ट ।

पुच्छ् + त = पुट्ठ ।

इच्छ् + त = इट्ठ ।

पद के अंत में म के स्थान में न हो जाता है, यदि उसके बाद तकार हो तो । यथा—

गम् + त्वा = गन्त्वा ।

पद के आदि में म रहने से उससे पूर्ववर्ती दंत्य अक्षर के स्थान में भी म हो जाता है—

उद् + मग्ग = उम्मग्ग ।

य

य के स्थान में प्रायः उसका पूर्ववर्ती अक्षर हो जाता है । विशेष करके कर्मवाच्य क्रिया के यकार के स्थान में यह पूर्व रूप अधिकतर देखा जाता है—

गम् + य = गम्म ।

पच् + य = पच्च ।

मज् + य = मज्ज ।

भण् + य = भण्ण ।

दिव् + य = दिब्ब ।

खाद् + य = खज्ज (द के स्थान में ज होता है)।

खन् + य = खञ्ज ।

समास के अंतर्गत य (जो संधि होकर इ के स्थान में होता है) पूर्ववर्ती अक्षर में परिणत हो जाता है। यथा—

पल्लङ्को—पल्यङ्क (पलि + अङ्क)।

विपल्लासो—विपर्यासः ।

अप्पेकच्च—अप्येकत्र ।

अब्भुग्गच्छति—अभ्युद्गच्छति ।

त्य के स्थान च्च होता है। त्य के अंत का स्वर अविकृत रहता है—

अच्चन्तं—अत्यन्तम् ।

पच्चयो—प्रत्ययः ।

पच्चेति—प्रत्येति (विश्वास करता है)।

इच्चस्स—इत्यस्य ।

इच्चादि—इत्यादि ।

जच्चन्धो—जात्यन्धः ।

सच्च—सत्य ।

ध्य के स्थान में ज्झ होता है—

अज्झगमो—अध्यगमः ।

अज्झोगाहित्वा—अध्यवगाह्य ।

नोट—यहाँ पाली में अधि उपसर्ग रहने पर भी क्त्वा के स्थान में ल्यप् नहीं हुआ है। यह विषय ल्यप् के प्रकरण में देखना चाहिए।

अज्झुपगतो—अध्युपगतः ।

अज्झेति—अध्येति ।

द्य के स्थान में ज्ज होता है—

नज्जा—नद्या ।

यज्जेवं—यद्येवम् ।

मज्ज—मद्य ।

ध्य के स्थान में च्छ होता है—

तच्छ—तथ्य ।

रच्छा—रथ्या ।

व्य के स्थान में ब्ब होता है (पद के मध्य में ही)—

दिब्ब—दिव्य ।

पद के आदि में व्य रहने से वकार के स्थान में तो बकार हो जाता है, परंतु यकार में परिवर्तन नहीं होता—

व्याकरणं—व्याकरणम् ।

व्यञ्जनं—व्यञ्जनम् ।

स के बाद यकार आने से य के स्थान में स हो जाता है ।

पस्स—पश्य । यहाँ पहले तालव्य के स्थान में दंत्य सकार हो जाता है ।

पाली में हकार और यकार के स्थान-परिवर्तन का उदाहरण बहुत अधिकता से मिलता है । जहाँ-जहाँ ह्य होता है, वहाँ-वहाँ ह्य हो जाता है अर्थात् हकार से परवर्ती यकार उससे पूर्व आ जाता है—

सय्ह—सह्य ।

गुय्ह—गुह्य ।

पद के आदि में स्थित य अपने पूर्ववर्ती दंत्य अक्षर को भी यकार में परिणत कर देता है—

उद् + युञ्जति = उय्युञ्जति ।

उद् + याति = उय्याति ।

उद् + यान = उय्यान ।

र

पद के अंत में स्थित र प्रायः अपने परवर्ती अक्षर में परिवर्तित हो जाता है—

कर् + तब्ब = कत्तब्ब ।

कर् + ता = कत्ता ।

कर् + य = कय्य ।

धर् + म = धम्म ।

अधिकतर रेफ का लोप भी देखा जाता है—

मर् + त = मत ।

कर् + त = कत ।

कभी-कभी रेफ के लोप होने पर उसका पूर्ववर्ती स्वर दीर्घ हो जाता है । यथा—

कर् + तब्ब = कातब्ब ।

कर् + तुं = कातुं ।

नोट—संस्कृत में रेफ का रेफ के परे लोप होता है और तब पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है । यथा—पुनर् + रमते = पुना रमते ।

रेफ् के बाद नकार आने से नकार को णत्व हो जाता है और फिर रेफ् भी णत्व में परिणत हो जाता है ।

चर् + न = चिण्ण । अकार के स्थान में इकार संस्कृत में भी होता है और चीर्ण रूप बनता है ।

रेफ और लकार के संयोग होने से रेफ लकार में परिणत हो जाता है—

दुर् + लभो = दुल्लभो ।

स

स्स के स्थान में च्छ होता है—

जिगुप् + सा = जिगुच्छा ।

स्स के स्थान में भी च्छ होता है—

तिकित् + सा = तिकिच्छा ।

कभी-कभी स के बाद त आने से त के स्थान में र होता है और स भी ट में परिणत हो जाता है—

कस् + त = कट्ठ ।

किलिस् + त = किलिट्ठ ।

डस् + त = डट्ठ ।

नोट—यहाँ प्रत्यक्ष ही संस्कृत का पूरा प्रभाव पड़ा है । संस्कृत में कष्ट, क्लिष्ट, दष्ट आदि मूर्धन्य के कारण होते हैं । पाली में मूर्धन्य ष के स्थान में दंत्य स हो गया है, तो भी वह अपना असर नहीं छोड़ बैठा है और फलतः अपने परवर्ती दंत्य अक्षर पर वह प्रभाव डाल ही देता है ।

पद के आदि में स्थित सकार कभी-कभी अपने पूर्ववर्ती दंत्य अक्षर को भी सकार में बदल देता है—

उद् + साह = उस्साह ।

उत् + सुक = उस्सुक ।

अधिकतर स और त मिलकर त्त होता है—

भस् + त = भत्त ।

कभी-कभी स और त मिलकर त्थ होता है—

वस् + त = वुत्थ ।

ह

पद से पर पदादि हकार के स्थान में पूर्ववर्ती वर्ण का द्वितीय अथवा चतुर्थ अक्षर होता है । वर्ग के प्रथम अक्षर के बाद हकार आने से उसके स्थान में द्वितीय और तृतीय के बाद आने से चतुर्थ अक्षर होता है । उदाहरण—

उद् + हरति = उद्धरति ।

उद् + हरण = उद्धरण ।

उद् + हत = उद्धत ।

नोट—संस्कृत में भी यही रूप होते हैं और उसमें इतनी अड़चन नहीं पड़ती ; वहाँ तो साधारण संधि के नियम से ही काम चल जाता है। यहाँ भी संधि का ही यथार्थ में यह विषय है।

अनुनासिक (मकार, नकार आदि) तथा यकार और वकार के साथ हकार का संयोग होने से प्रायः स्थान परिवर्तन हो जाता है। यथा—

गह् + ण = गण्ह।

मह् + यं = मय्हं।

जिह् + वा = जिव्हा।

कभी-कभी ह और य के संयोग होने पर ह के स्थान में य हो जाता है।

लेह् + य = लेय्य।

कभी-कभी—विशेष करके हन् धातु में—हकार के स्थान में घ हो जाता है। यथा—

हनति—अथवा घनेति।

घञ्ञ—(हन् + य)।

घम्मति—हम्मति।

नोट—संस्कृत में भी हन् धातु के ह के स्थान में विशेष अवसर पर घ होता है—यथा घातयति, घात आदि।

पदांत ह और त के स्थान में कभी-कभी द्ध और कभी-कभी ढ देखा जाता है यथा—

दुह् + त = दुद्ध (संस्कृत में दुग्ध होता है)।

लिह् + तुं = लेढुं।

कभी-कभी इस ढ के स्थान में ल भी होता है।

लेलुं; मुह् + त = मूढ = मूल।

रुह् + त = रूढ = रूल।

हकार और यकार के स्थानपरिवर्तन के संबंध में उल्लेख हो चुका है; उसके अतिरिक्त भी अनेक स्थलों में, पाली में, इस प्रकार के उदाहरण मिलते हैं, जहाँ संस्कृत के शब्दों में अक्षरों का परस्पर स्थान-विनिमय देखा जाता है। कुछ उदाहरण ये हैं—

पर्युदाहासि के स्थान में पयिरुदाहासि।

आरिय के स्थान में आयिर।

करिय—कयिर।

मसक—मकस।

रस्मि—रंसि।

कभी-कभी उच्चारण सौकर्य के लिये अथवा वृत्त के अनुरोध से पदखंड का ही लोप होता देखा जाता है। यथा—

छडंगुल—छंगुल। हिंदी में छंगा शब्द आता है।

दससहस्सी—दसहस्सी।

जम्बुदीपं अवेक्खन्तो अद्दस = जम्बुदीपं अवेक्खन्तो अद्द।

अभिञ्ञाय सच्चिकत्वा—अभिञ्ञा सच्चिकत्वा।

सुबंत प्रक्रिया

जैसा कि प्रथम पृष्ठ में लिखा गया है, पाली में संस्कृत की अपेक्षा वर्ण कम हैं। वचन और विभक्ति के विषय में पाली में ह्रास ही दृष्टि-गोचर होता है। आधुनिक भाषाओं के समान पाली में भी द्विवचन नहीं होता और उसका काम बहुवचन से लिया जाता है। यथार्थ में इसके दोनों वचनों की संज्ञा एकवचन और अनेकवचन ही अधिक उपयुक्त होगी। एक की विवक्षा में एकवचन और एक से अधिक की विवक्षा में अनेकवचन का प्रयोग होता है। विभक्ति भी कम हैं। चतुर्थी और षष्ठी के रूपों में कोई भेद है ही नहीं। अन्यान्य विभक्तियों में भी प्रायः समान रूप मिलते हैं। जिस प्रकार संस्कृत में नपुंसक-लिंग में प्रथमा और द्वितीया के रूप समान होते हैं, उसी प्रकार

इसमें भी अनेक शब्दों में प्रथमा और द्वितीया के अनेकवचन के रूप समान होते हैं। तृतीया और पंचमी के अनेकवचन के रूप प्रायः समान-समान मिलते हैं।

साधारणतया विभक्तियों के प्रत्यय ये हैं—

	एकवचन	अनेकवचन
प्रथमा	सि	यो
द्वितीया	अं	यो
तृतीया	ना	हि
चतुर्थी	स	नं
पंचमी	स्मा	हि
षष्ठी	स	नं
सप्तमी	स्मिं	सु

किंतु विशेष-विशेष शब्दों में विशेष रूप देखे जाते हैं। तृतीया और पंचमी के अनेकवचन के "हि" के स्थान में विकल्प से "भि" पाया जाता है तथा पंचमी एकवचन के "स्मा" के स्थान में "म्हा" और सप्तमी एकवचन "स्मिं" के स्थान में "म्हि" भी मिलता है। यह पहले ही लिखा जा चुका है कि पाली में व्यंजनांत पदों का प्रायः प्रयोग नहीं होता, इसलिये अजंत और हलंत भेद की इसमें योग्यता नहीं है; तथापि संस्कृत में जो पद स्वरांत हैं, उनके पाली रूपों में तथा संस्कृत के व्यंजनांत पद जो पाली में स्वरांत हो जाते हैं, उनके रूपों में बहुत अंतर पाया जाता है, इसलिये संस्कृत के आधार पर स्वरांत और व्यंजनांत भेद देने से यहाँ भी सुविधा होगी।

स्वरांत

अकारांत पुल्लिंग बुद्ध शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	बुद्धो	बुद्धा

हिन्दुस्तानी एकेडमी, उ० प्र०
१५०८
पुस्तकालय
इलाहाबाद

द्वि०	बुद्धं	बुद्धे
तृ०	बुद्धेन	बुद्धेहि, बुद्धेभि
च०	बुद्धाय, बुद्धस्स,	बुद्धानं
पं०	बुद्धा, बुद्धस्मा, बुद्धम्हा	बुद्धेहि, बुद्धेभि
ष०	बुद्धस्स	बुद्धानं
स०	बुद्धे, बुद्धस्मिं, बुद्धम्हि,	बुद्धेसु

ऊपर लिखे रूपों के देखने से ज्ञात होगा कि अकारांत शब्दों के प्रत्यय इस प्रकार हैं—

	ए०	अने०		ए०	अने०
प्र०	ओ	आ	च०	स्स, आय	आनं
द्वि०	ं	ए	पं०	आ, स्मा, म्हा	एहि, एभि
तृ०	इन	एहि, एभि	ष०	स्स	आनं
			स०	इ, स्मि, म्हि	सु

प्रथमा के बहुवचन में कभी-कभी आसे प्रत्यय भी देखा जाता है और यह वैदिक रूप देवासः की छाया पर ज्ञात होता है। इसी तरह पंचमी और सप्तमी के एकवचनों के "स्मा" और "स्मि" सर्वनामों के अनुकरण में प्रयोग किए गए हैं, ऐसा प्रतीत होता है। अन्यान्य अकारांत पुल्लिंग शब्द भी बुद्ध शब्द के समान होंगे। अकारांत नपुंसकलिंग शब्दों के रूप कुछ भिन्न होते हैं। जिस प्रकार संस्कृत में प्रथमा और द्वितीया दोनों में समान रूप होते हैं, उसी प्रकार पाली में भी प्रायः साम्य है और संस्कृत के एकवचन और बहुवचन के 'अनुस्वार' और 'आनि' पाली में भी पहुँच गए हैं।

यथा—प्र०	एक०	रूपम्	अने०	रूपानि
द्वि०	"	रूपम्	"	रूपानि

प्रथमा और द्वितीया के बहुवचनों में क्रमशः 'आ' और 'ए' वैकल्पिक प्रत्यय भी होते हैं। और-और विभक्तियों में भी कुछ-कुछ

अंतर दृष्टिगोचर होता है, अतः अकारांत नपुंसकलिंग के रूप नीचे दिए जाते हैं—

अकारांत नपुंसकलिंग रूप शब्द

	एकवचन	अनेकवचन	
प्र०	रूपं	रूपानि,	रूपा
द्वि०	रूपं	रूपानि,	रूपे
तृ०	रूपेन	रूपेहि,	रूपेभि
च०	रूपस्स, रूपाय	रूपानं	
पं०	रूपा, रूपस्मा, रूपम्हा, रूपतो	रूपेहि,	रूपेभि
ष०	रूपस्स	रूपानं	
स०	रूपे, रूपस्मिं, रूपम्हि	रूपेसु	

इकारांत पुल्लिंग अग्गि शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	अग्गि	अग्गी
द्वि०	अग्गिं	अग्गी, अग्गयो
तृ०	अग्गिना	अग्गीहि, अग्गीभि
च०	अग्गिनो, अग्गिस्स	अग्गीनं
पं०	अग्गिना, अग्गिस्मा, अग्गिम्हा	अग्गीहि, अग्गीभि
ष०	अग्गिनो, अग्गिस्स	अग्गीनं
स०	अग्गिनि, अग्गिस्मिं, अग्गिम्हि	अग्गिसु, अग्गीसु
संबो	अग्गि	अग्गी, अग्गयो, (अग्गियो)

इसी प्रकार अन्य इकारांत पुल्लिंग शब्दों के रूप होंगे।

किसी-किसी इकारांत शब्द के प्रथमा और द्वितीया के बहुवचनों में 'यो' के स्थान में 'नो' होता है। यथा—सारमतिनो, सम्मादिट्ठिनो।

संस्कृत के समान इकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के रूप में पाली में भी विशेषता है—यह उदाहरण द्वारा स्पष्ट होगी।

इकारांत स्त्रीलिंग रत्ति (रात्रि) शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	रत्ति	रत्ती, रत्तियो, रत्यो
द्वि०	रत्तिं	रत्ती, रत्तियो, रत्यो
तृ०	रत्तिया, रत्या	रत्तीहि, रत्तीभि
च०	रत्तिया रत्या	रत्तीनं
पं०	रत्तिया, रत्या	रत्तीहि, रत्तीभि
ष०	रत्तिया, रत्या	रत्तीनं
स०	रत्तिया, रत्या, रत्तियं, रत्यं	रत्तीसु
सं०	रत्ति	रत्ती, रत्तियो, रत्यो

कहीं-कहीं पंचमी के एकवचन में तसिल् प्रत्ययवाला रत्तितो रूप भी पाया जाता है।

सप्तमी के एकवचन में रत्तो रूप भी देखा जाता है।

इकारांत स्त्रीलिंग 'जाति' शब्द में कुछ विशेषता है। अतः उसके रूप ध्यान देने योग्य हैं—

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	जाति	जाती, जातियो, जत्यो, जच्चो
द्वि०	जातिं	जाती, जातियो, जत्यो, जच्चो
तृ०	जातिया, जत्या, जच्चा	जातीहि, जातीभि
च०	जातिया, जत्या, जच्चा	जातीनं
पं०	जातिया, जत्या, जच्चा	जातीहि, जातीभि
ष०	जातिया, जत्या, जच्चा	जातीनं
स०	जातिया, जत्या, जच्चा, जातियं, जत्यं, जच्चं	जातीसु
सं०	जाति	जाती, जातियो, जत्यो, जच्चो

तृतीया से सप्तमी तक के एकवचन के रूप समान ही हैं

प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन समान हैं तथा पंचमी और तृतीया के बहुवचन के रूप भी एक-से हैं। चतुर्थी और षष्ठी के रूप तो सर्वत्र प्रायः समान रहते ही हैं।

संस्कृत के क्तिन् प्रत्ययांत शब्द तथा रस्सि (रश्मि), भूमि, पालि, युवति, धूलि आदि शब्द रति शब्द के समान हैं। भूमि शब्द के सप्तमी के एकवचन में भूम्या रूप भी पाया जाता है।

इकारांत नपुंसक लिंग—वारि शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	वारि	वारानि, वारी
द्वि०	वारिं	वारीनि, वारी
तृ०	वारिना	वारीहि, वारीभि
च०	वारिस्स, वारिनो	वारीनं
पं०	वारिना, वारिस्मा, वारिम्हा	वारीहि, वारीभि
ष०	वारिस्स, वारिनो	वारीनं
स०	वारिस्मिं, वारिम्हि	वारीसु
सं०	वारि	वारीनि, वारी

अट्ठि, अक्खि, सप्पि, छदि, सत्थि, दधि, अच्छि आदि शब्दों के रूप भी वारि शब्द के समान होंगे।

उकारांत पुल्लिंग भिक्खु शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	भिक्खु	भिक्खू, भिक्खवो
द्वि०	भिक्खुं	भिक्खू, भिक्खवो
तृ०	भिक्खुना	भिक्खूहि, भिक्खूभि
च०	भिक्खुस्स, भिक्खुनो	भिक्खूनं
पं०	भिक्खुना, भिक्खुस्स, भिक्खुम्हा	भिक्खूहि, भिक्खूभि

	एकवचन	अनेकवचन
ष०	भिक्खुस्स, भिक्खुनो	भिक्खूनं
स०	भिक्खुस्मिं, भिक्खुम्हि	भिक्खूसु
सं०	भिक्खु	भिक्खू, भिक्खवो, भिक्खवे

कहीं-कहीं प्रथमा और द्वितीया के बहुवचनों में वो के स्थान में यो का प्रयोग भी पाया जाता है। यथा—जंतुयो, हेतुयो।

पसु, बन्धु, मच्चु (मृत्यु), बाहु, केतु, फरसु (परशु), वेलु (वेणु), उच्छु (इक्षु) आदि शब्दों के रूप भी भिक्षु शब्द के समान होंगे।

उकारांत नपुंसकलिंग चक्खु (चक्षुः)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	चक्खु	चक्खूनि, चक्खू
द्वि०	चक्खुं	चक्खूनि, चक्खू
तृ०	चक्खुना	चक्खूहि, चक्खूभि
च०	चक्खुस्स, चक्खुनो	चक्खूनं
पं०	चक्खुना, चक्खुस्मा—म्हा	चक्खूहि, चक्खूभि
ष०	चक्खुस्स, चक्खुनो	चक्खूनं
स०	चक्खुस्मिं—म्हि	चक्खूसु
सं०	चक्खु	चक्खूनि, चक्खू

प्रथमा के एकवचन में चक्षुं रूप भी मिलता है।

धनु (धनुः), दारु, मधु, मस्सु (श्मश्रु), अस्सु (अश्रु), वत्थु (वस्तु) आदि उकारांत नपुंसकलिंग शब्दों के रूप भी इसी प्रकार समझने चाहिए।

पाली में एकारांत अथवा ओकारांत शब्दों का प्रायः अभाव है। केवल गो शब्द पाया जाता है। उसका भी प्रथमा छोड़कर अन्य विभक्तियों के एकवचनों में गव और गाव हो जाता है।

गो शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	गो	गवो, गावो
द्वि०	गवं, गावं, गवुं, गावुं	गवो, गावो
तृ०	गवेन, गावेन	गोहि, गोभि, गवेहि
च०	गवस्स, गावस्स	गवं, गोनं, गुन्नं
पं०	गवा, गावा, गवस्मा—म्हा	गोहि, गोभि, गवेहि
ष०	गवस्स, गावस्स	गवं, गोनं, गुन्नं
स०	गवे, गावे, गवस्मिं, गावस्मिं गवम्हि गावम्हि	गोसु, गवेषु, गावेषु
स०	गो	गवो, गावो

पाली में विशुद्ध आकारांत शब्दों का प्रायः अभाव है। संस्कृत सखि शब्द का सखा रूप होता है, परंतु इस शब्द के रूप बहुसंख्यक हैं और नियमबद्ध नहीं हैं। किसी-किसी विभक्ति में इकारांत से विभक्ति आती है, कहीं-कहीं आकारांत से। कहीं-कहीं रेफ का भी इसे आगम होता है। उदाहरण से यह स्पष्ट होगा।

सखा शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	सखा	सखायो, सखानो, सखिनो, सखा
द्वि०	सखानं, सखारं, सखं	सखी, सखायो, सखानो, सखिनो
तृ०	सखिना	सखारेहि—रेभि, सखेहि—भि
च०	सखिस्स, सखिनो	सखीनं, सखानं, सखारानं
पं०	सखिना, सखारा, सखारस्मा	सखेहि, सखेभि, सखारेहि, सखारेभि
ष०	सखिनो, सखिस्स	सखीनं, सखानं, सखारानं
स०	सखे	सखेसु

	एकवचन	अनेकवचन
सं०	सख, सखा, सखि, सखी, सखे,	सखायो, सखानो, सखिनो, सखा

आकारांत स्त्रीलिंग कन्या शब्द—'कञ्ञा'

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	कञ्ञा	कञ्ञा, कञ्ञायो
द्वि०	कञ्ञं	कञ्ञा, कञ्ञायो
तृ०	कञ्ञाय	कञ्ञाहि, कञ्ञाभि
च०	कञ्ञाय	कञ्ञानं
पं०	कञ्ञाय	कञ्ञाहि, कञ्ञाभि
ष०	कञ्ञाय	कञ्ञानं
स०	कञ्ञाय, कञ्ञायं	कञ्ञासु
सं०	कञ्ञे	कञ्ञा, कञ्ञायो

इसी प्रकार पञ्ञा, सद्धा, विज्जा, तण्हा, इच्छा, गाथा, सेना, नावा, गीवा, भिक्खा आदि शब्दों के रूप होंगे।

संस्कृत में अंबावाचक शब्दों के संबोधन एकवचन में ह्रस्व हो जाता है, एकार नहीं होता। पाली में भी एकार नहीं होता। या तो प्रथमा के एकवचन के समान दीर्घांत रूप होता है अथवा संस्कृत के अनुसार ह्रस्वांत। पाली में अम्बा, अम्मा, अन्ना और ताता ये चार शब्द मातृवाचक हैं। इनके संबोधन एकवचन में अम्बा, अम्ब; अम्मा, अम्म; अन्ना, अन्न और ताता, तात—ये रूप होते हैं।

ईकारांत स्त्रीलिंग नदी शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	नदी	नदी, नदियो, नज्जो
द्वि०	नदिं, नदियं	नदी, नदियो, नज्जो

	एकवचन	अनेकवचन
तृ०	नदिया, नज्जा	नदीहि, नदीभि
च०	नदिया, नज्जा	नदीनं
पं०	नदिया, नज्जा	नदीहि, नदीभि
ष०	नदिया, नज्जा	नदीनं
स०	नदिया, नज्जा, नज्जं	नदीसु
सं०	नदि	नदी, नदियो, नज्जो

मही, वेतरणी, वापी, कदली, घटी आदि शब्दों के रूप भी इसी प्रकार के होंगे। ब्राह्मणी इत्यादि कुछ शब्दों के, संस्कृत के अनुसार, कुछ विशेष रूप भी देखे जाते हैं। यथा प्र० द्वि० तथा संबोधन के बहुवचनों में उसका ब्राह्मण्यो रूप भी होता है। इसी प्रकार तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी और सप्तमी के एकवचनों में ब्राह्मण्या तथा स० एक० में ब्राह्मण्यं होता है। इसी तरह दासी शब्द का प्र० द्वि० तथा संबोधन के बहुवचनों में दास्यो तथा तृ० च० पं० ष० स० के एकवचनों में दास्या एवं स० एक० में दास्यं रूप होते हैं।

उकारांत स्त्रीलिंग धेनु शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	धेनु	धेनू, धेनुयो
द्वि०	धेनुं	धेनू, धेनुयो
तृ०	धेनुया	धेनूहि, धेनूभि
च०	धेनुया	धेनूनं
पं०	धेनुया	धेनूहि, धेनूभि
ष०	धेनुया	धेनूनं
स०	धेनुयं, धेनुया	धेनूसु
सं०	धेनु	धेनू, धेनुयो

पंचमी के एकवचन में धेनुतो रूप भी प्रायः पाया जाता है।

धातु, रज्जु, दद्दु, नत्थु, कच्छु, विज्जु, यागु, आदि शब्दों के रूप भी इसी प्रकार होंगे।

ऊकारांत पुलिंग सयंभू शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	सयंभू	सयंभु, सयंभुवो
द्वि०	सयंभुं	सयंभू, सयंभुवो
तृ०	सयंभुना	सयंभूहि—भि
च०	सयंभुस्स, सयंभुनो	सयंभूनं
पं०	सयंभुना, सयंभुस्मा—म्हा	सयंभूहि—भि
ष०	सयंभुस्स, सयंभुनो	सयंभूनं
स०	सयंभुस्मिं—म्हि	सयंभूसु
सं०	सयंभू	सयंभु, सयंभुवो

ऊकारांत स्त्रीलिंग वधू शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	वधू	वधू, वधुयो
द्वि०	वधुं	वधू, वधुयो
तृ०	वधुया	वधूहि—भि
च०	वधुया	वधूनं
पं०	वधुया	वधूहि—भि
ष०	वधुया	वधूनं
स०	वधुया, वधुयं	वधूसु
सं०	वधु	वधू, वधुयो

जंबू, सरभू, सरबू, सुतनू, चमू, वामोरू प्रभृति शब्दों के रूप वधू शब्द के समान होंगे।

उकारांत पुल्लिंग पितु शब्द (पितृ)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	पिता	पितरो (पिता)
द्वि०	पितरं	पितरो, पितरे
तृ०	पितरा, पितुना	पितरेहि, पितरेभि, पितूहि, पितुभि
च०	पितु, पितुनो, पितुस्स	पितरानं, पितानं, पितुनं, पितूनं
पं०	पितरा, पितुना	पितूनं, पितुनं, पितरेहि, पितरेभि, पितूहि, पितुभि
ष०	पितु, पितुनो, पितुस्स,	पितरानं, पितानं, पितूनं, पितुनं
स०	पितरि	पितरेसु, पितुसु, पितूसु
सं०	पित, पिता	पितरो

मातु, जामातु आदि शब्दों के ऐसे ही रूप होंगे।

उकारांत कत्तु शब्द—(कर्तृ)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	कत्ता	कत्तारा
द्वि०	कत्तारं	कत्तारो, कत्तारे
तृ०	कत्तारा, कत्तुना	कत्तरेहि, कत्तारेभि
च०	कत्तु, कत्तुनो कत्तुस्स	कत्तारानं, कत्तानं, कत्तूनं
पं०	कत्तारा	कत्तारेहि, कत्तारेभि
ष०	कत्तु, कत्तुनो, कत्तुस्स	कत्तारानं, कत्तानं, कत्तून
स०	कत्तरि	कत्तारेसु, कत्तूसु
सं०	कर्त्त, कत्ता, कत्ते	कत्तारो

सत्थु (शास्तृ), भत्तु (भर्तृ), नेतु, झातु (ध्यातृ), छेत्तु, दातु प्रभृति शब्दों के रूप ऐसे ही होंगे।

उकारांत स्त्रीलिंग मातु शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	माता	माता, मातरो
द्वि०	मातरं	माता, मातरे
तृ०	मातरा, मातुया (क्वचित्) मत्या, मात्या,	मातरेहि, मातरेभि, मातूहि, मातूभि
च०	मातु, मातुया, मत्या, मातुस्स	मातानं, मातूनं (मातुन्नं) मातरानं
पं०	मातरा, मातुया, मत्या	मातरेहि, मातरेभि मातूहि, मातूभि
ष०	मातु, मातुया मत्या, मातुस्स	मातानं, मातूनं (मातुन्नं), मातरानं
स०	मातरि, मातुया, मत्या, मातुयं, मत्यं	मातूसु, मातरेसु
सं०	मात, माता	माता, मातरो

धीतु (दुहितृ) शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	धीता	धीता, धीतरो
द्वि०	धीतरं, धीतं	धीतरो, धीतरे
तृ०	धीतरा, धितुया	धीतरेहि, धीतरेभि, धीतूहि, धीतुभि
च०	धीतु, धीतुया	धीतानं, धीतूनं, धीतरानं
पं०	धीतरा, धीतुया	धीतरेहि, धीतरेभि, धीतूहि, धीतुभि
ष०	धीतु, धीतुया	धीतानं, धीतूनं, धीतरानं

	एकवचन	अनेकवचन
स०	धीतरि, धीतुया, धीतुयं	धीतूसु, धीतरेसु
सं०	धीत, धीता	धीता, धीतरो

व्यंजनांत

पाली में व्यंजनांत पदों का प्रयोग प्रायः नहीं होता, यह पूर्व ही लिखा जा चुका है, परंतु संस्कृत में जो शब्द व्यंजनांत हैं, और पाली व्याकरण के अनुसार जब स्वरांत हो जाते हैं तब भी उनके रूप में साधारण स्वरांत पदों की अपेक्षा भेद रहता है, और प्रायः संस्कृत के व्यंजन नकार तकार आदि स्वरांत पदों पर भी अपना प्रभाव प्रकट कर देते हैं। इसलिये सौकर्यार्थ उन्हें (व्यंजनांत जो पाली में स्वरांत हो गए हैं) पृथक् रखना ही उचित होगा।

अत्ता शब्द (आत्मन्)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	अत्ता	अत्ता, अत्तानो
द्वि०	अत्तानं, अत्तं	अत्तानो, अत्ते
तृ०	अत्तना, अत्तेन	अत्तनेहि, अत्तनेभि, अत्तेहि, अत्तेभि
च०	अत्तनो, अत्तस्स	अत्तानं अत्तनेहि, अत्तनेभि
पं०	अत्तना, अत्तस्मा, अत्तह्मा	अत्तेहि, अत्तेभि
ष०	अत्तनो, अत्तस्स	अत्तानं
स०	अत्तनि, अत्ते, अत्तस्मि अत्तस्मिं, अत्तह्मि	अत्तनेसु
सं०	अत्त, अत्ता	अत्तानो, अत्ता

ब्रह्मा शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	ब्रह्मा	ब्रह्मानो

	एकवचन	अनेकवचन
द्वि०	ब्रह्मानं, ब्रह्मं	ब्रह्मानो
तृ०	ब्रह्मना (ब्रह्मुना),	ब्रह्मेहि, ब्रह्मेभि, ब्रह्मूहि, ब्रह्मूभि
च०	ब्रह्मस्स, ब्रह्मुनो	ब्रह्मानं, ब्रह्मूनं
पं०	ब्रह्मना (ब्रह्मुना),	ब्रह्मेहि, ब्रह्मेभि, ब्रह्मूहि, ब्रह्मूभि,
ष०	ब्रह्मस्स, ब्रह्मनो	ब्रह्मानं, ब्रह्मूनं
स०	ब्रह्मनि, ब्रह्मे, ब्रह्मस्मिं, ब्रह्मम्हि,	ब्रह्मेसु
सं०	ब्रह्मे	ब्रह्मानो, ब्रह्मा

राजा शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	राजा	राजानो राजा
द्वि०	राजानं, राजं	राजानो
तृ०	रञ्ञा, राजेन, राजिना	राजूहि, राजूभि, राजेहि, राजेभि
च०	रञ्ञो, राजिनो, राजस्स	रञ्ञं, राजूनं, राजानं
पं०	रञ्ञा, राजस्मा, राजम्हा	राजूहि, राजूभि, राजेहि, राजेभि
ष०	रञ्ञे, राजिनो, राजस्स	रञ्ञं, राजूनं, राजानं
स०	रञ्ञे, राजिनि, राजस्मिं, राजम्हि	राजुसु, राजेसु
सं०	राज, राजा	राजानो, राजा

पुमा (पुमान्)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	पुमा, पुमो	पुमा, पुमानो
द्वि०	पुमानं, पुमं	पुमानो, पुमाने, पुमे
तृ०	पुमानां, पुमुना, पुमेन	पुमानेहि, पुमानेभि, पुमेहि, पुमेभि

	एकवचन	अनेकवचन
च०	पुमुनो, पुमस्स	पुमानं
पं०	पुमाना, पुमुना, पुमा, पुमस्मा, पुमम्हा	पुमानेहि, पुमानेभि, पुमेहि, पुमेभि
ष०	पुमुनो, पुमस्स	पुमानं
स०	पुमाने, पुमे, पुमस्मिं, पुमम्हि	पुमानेसु, पुमांसु, पुमेसु
सं०	पुमं, पुम	पुमानो, पुमा

सा (श्वा)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	सा	सा, सानो
द्वि०	सं, सानं	से, साने
तृ०	सेन, साना	साने, सेहि, सेभि, साहि, साभि
च०	सस्स, साय	सानं
पं०	सा, सस्मा, सम्हा, साना	सेहि, सेभि, सानेहि, सानेभि
ष०	सस्स	सानं
स०	से, सस्मिं, सम्हि, सानं	सासु
सं०	स	सा, सानो

गुणवन्तु शब्द—पुलिंग (गुणवत्)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	गुणवा	गुणवन्तो, गुणवन्ता
द्वि०	गुणवन्तं	गुणवन्ते
तृ०	गुणवता, गुणवन्तेन	गुणवन्तेहि, गुणवन्तेभि
च०	गुणवतो, गुणवन्तस्स	गुणवतं, गुणवन्तानं
पं०	गुणवता, गुणवन्ता, गुणवन्तस्मा, गुणवन्तम्हा	गुणवन्तेहि, गुणवन्तेभि

	एकवचन	अनेकवचन
ष०	गुणवतो, गुणवन्तस्स	गुणवतं गुणवन्तानं
स०	गुणवति, गुणवन्ते, गुणवन्तस्मिं, गुणवन्तम्हि	गुणवन्तेसु
सं०	गुणवं, गुणव, गुणवा	गुणवन्तो, गुणवन्ता

कुलवन्तु, यसवन्तु, भगवन्तु, चक्खुमन्तु आदि शब्दों के रूप इसी प्रकार के होंगे।

गच्छन्त शब्द (गच्छत्) पुल्लिंग

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	गच्छं, गच्छन्तो	गच्छं, गच्छन्तो, गच्छन्ता
द्वि०	गच्छन्तं	गच्छन्ते
तृ०	गच्छता, गच्छन्तेन	गच्छन्तेहि, गच्छन्तेभि
च०	गच्छतो, गच्छन्तस्स	गच्छतं, गच्छन्तानं
पं०	गच्छता, गच्छन्ता, गच्छन्तस्मा, गच्छन्तम्हा	गच्छन्तेहि, गच्छन्तेभि
ष०	गच्छतो, गच्छन्तस्स	गच्छन्तं, गच्छन्तानं
स०	गच्छति, गच्छन्ते, गच्छन्तस्मिं, गच्छन्तम्हि	गच्छन्तेसु
सं०	गच्छतं	गच्छन्ता

चरन्त, तिट्ठन्त, रुदन्त, सुणन्त (श्रृणवन्त्), पचन्त (पचत्) प्रभृति शब्दों के ऐसे ही रूप होंगे।

महन्त और अरहन्त शब्दों के प्रथमा एकवचन में महा और अरहा रूप भी होते हैं।

भवन्त शब्द के रूप भी गच्छन्त के समान होंगे। विशेषता यह है—प्र० ब० भवन्तो, भोन्तो, भवन्ता; तृ० ए० भवता, भोता, भवन्तेन, च० ष० एक० भवतो, भोतो, भवन्तस्स; संबो० एक० भो,

भन्ते, भोन्त; बहु० भवन्तो, भोन्वतो, भवन्ता, भोन्ता। सन्त शब्द के तृ० ब० में सब्भि रूप विकल्प से होता है।

अद्ध शब्द (अध्वन्)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	अद्धा	अद्धा, अद्धानो
द्वि०	अद्धानं	अद्धाने
तृ०	अद्धुना	अद्धानेहि, अद्धानेभि
च०	अद्धुनो	अद्धानं
पं०	अद्धुना	अद्धानेहि, अद्धानेभि
ष०	अद्धुनो	अद्धानं
स०	अद्धनि, अद्धाने	अद्धानेसु
सं०	अद्ध	अद्धा, अद्धानो

यहाँ यह नोट करने योग्य है कि तृतीया, चतुर्थी, पंचमी और षष्ठी में संस्कृत के अध्वन् शब्द के वकार के प्रभाव के कारण संप्रसारण उकार हुआ है।

युव शब्द (युवन्)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	युवा (यूनो)	युवा, युवानो, युवाना
द्वि०	युवानं, युवं	युवाने, युवे
तृ०	युवाना, युवनेन, युवेन	युवानेहि, युवानेभि, युवेहि, युवे
च०	युवानस्स, युवस्स	युवानानं, युवानं
पं०	युवना, युवानस्मा, युवानम्हा	युवनेहि, युवानेभि युवेहि, युवेभि
ष०	युवानस्स, युवस्स	युवानानं, युवानं
स०	युवाने, युवे, युवानस्मिं,	युवानेसु, युवासु, युवेसु

	एकवचन	अनेकवचन
	युवानम्हि, युवस्मिं, युवम्हि	
सं०	युव, युवा, युवान, युवाना	युवानो, युवाना

मघव शब्द के रूप भी ऐसे ही होंगे। किंतु वैकल्पिक मघवन्तु शब्द के रूप गुणवन्तु के समान होंगे।

सुद्ध शब्द (सूधंन्) के रूप में विशेषता है—

प्र० ए० सुद्धा—ब० सुद्धा, सुद्धानो; द्वि० ए० सुद्धं—बहु० सुद्धाने; तृ० ब० एक० सुद्धना—स० एक० सुद्धनि—बहु० सुद्धानेसु

मनो (मनस)

	एकवचन
प्र०	मनो, मनं
द्वि०	मनो, मनं
तृ०	मनसा, मनेन
च०	मनसो, मनस्स
पं०	मनसा, मनस्मा, मनम्हा
ष०	मनसो, मनस्स
स०	मनसि, मने, मनस्सिं, मनम्हि
सं०	मनो, मनं

मनो शब्द के रूप बहुवचन में नहीं पाए जाते; यद्यपि पाली व्याकरणकारों ने उसे स्थान दिया है। विधुशेखर भट्टाचार्य ने इस संबंध में कुछ नहीं लिखा है, किंतु डुरोसील तथा म्युलर प्रभृति ने इस विषय का उल्लेख किया है।

सिर, उर, तेज, पय, यस, चेत आदि शब्द मनोगण के अंतर्गत हैं और इनके रूप भी मनो शब्द के समान होते हैं। संस्कृत में यद्यपि ये सब शब्द केवल नपुंसक लिंग हैं, किंतु पाली व्याकरणकारों ने मनोगण को पुल्लिंग और नपुंसक लिंग माना है।

आयु शब्द (आयुस्)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	आयु, आयुं	आयू, आयूनि
द्वि०	आयु, आयुं	आयू, आयूनि
तृ०	आयुना, आयुसा	आयूहि, आयूभि
च०	आयुस्स, आयुनो	आयूनं, आयुसं
पं०	आयुना, आयुसा	आयूहि, आयूभि
ष०	आयुस्स, आयुनो	आयूनं, आयुसं
स०	आयुनि, आयुसि	आयूसु
सं०	आयु, आयुं	आयू, आयूनि,

दण्डी शब्द

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	दण्डी	दण्डी, दण्डिनो (दण्डियो)
द्वि०	दण्डिनं, दण्डिं (दण्डियं)	दण्डी, दण्डिनो (दण्डिने, दण्डिये)
तृ०	दण्डिना	दण्डीहि, दण्डीभि
च०	दण्डिनो, दण्डिस्स	दण्डीनं
पं०	दण्डिना, दण्डिस्मा, दण्डिम्हा	दण्डीहि, दण्डीभि
ष०	दण्डिनो, दण्डिस्स	दण्डीनं
स०	दण्डिनि, दण्डिने दण्डिस्मिं, दण्डिम्हि	दण्डीसु, दण्डिनेसु
सं०	दण्डि	दण्डी, दण्डिनो

गुणवन्तु शब्द नपुंसकलिंग

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	गुणवं, गुणवन्तं	गुणवन्ता, गुणवन्तानि गुणवन्ति,
द्वि०	गुणवन्तं	गुणवन्ते, गुणवन्तानि, गुणवन्ति

तृतीया प्रभृति में पुल्लिंग शब्द के समान रूप होंगे। वन्तु, मन्तु प्रत्यायान्त नपुंसकलिंग शब्दों के रूप ऐसे ही होंगे।

अकारांत गच्छन्त शब्द नपुंसकलिंग (गच्छत्)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	गच्छं, गच्छन्तं	गच्छन्ता, गच्छन्तानि
द्वि०	गच्छन्तं	गच्छन्ते, गच्छन्तानि

शतृ प्रत्ययांत सब शब्दों के रूप नपुंसकलिंग में ऐसे ही होंगे। महं (महत्) शब्द के रूप में विशेषता है—प्र० ए० महं, महन्तं, महा; बहु०—महन्ता, महन्तानि; द्वि०—एक० महन्तं; बहु०—महन्ते, महन्तानि; तृतीया प्रभृति के रूप पुल्लिंग के समान होंगे।

सर्वनाम

जिस प्रकार संस्कृत में सर्वनाम के रूपों में कुछ-कुछ अंतर रहता है, उसी प्रकार पाली में भी विशेषताएँ हैं। इस संबंध में भी पाली संस्कृत का बहुत अधिक अनुकरण करती है। यह उदाहरण से स्पष्ट होगा।

पुल्लिंग सर्व शब्द (सब्ब)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	सब्बो	सब्बे
द्वि०	सब्बं	सब्बे
तृ०	सब्बेन	सब्बेहि, सब्बेभि
च०	सब्बस्स	सब्बेसं, सब्बेसानं
पं०	सब्बस्मा, सब्बम्हा	सब्बेहि, सब्बेभि
ष०	सब्बस्स,	सब्बेसं, सब्बेसानं
स०	सब्बस्मिं, सब्बम्हि	सब्बेसु
सं०	सब्ब, सब्बा	सब्बे

सब्बा शब्द (आकारांत स्त्रीलिंग) के रूप कञ्ञा शब्द के रूप के सदृश होंगे, केवल चतुर्थी षष्ठी के एकवचन में सब्बस्सा, बहुवचन में सब्बासं, सब्बासानं तथा सप्तमी के एकवचन में सब्बस्सं रूप होते हैं।

नपुंसकलिंग सब्ब शब्द के केवल प्रथमा, द्वितीया और संबोधन के रूपों में विशेषता है। अन्य सब रूप पुल्लिंग के समान होते हैं। प्र० द्वि०—ए० सब्बं; बहु०—सब्बानि संबोधन एक०—सब्ब, सब्बा; बहु०—सब्बानि।

कतर, कतम, उभय, इतर, अञ्ञ, अञ्ञतर, अञ्ञतम आदि शब्दों के रूप सब्ब शब्द के समान होते हैं।

संस्कृत में जिस प्रकार पूर्वादिगण के रूप में थोड़ी विशेषता पाई जाती है, ठीक उसी प्रकार पाली में भी पुब्ब, पर, अपर, दक्खिन, उत्तर शब्दों के सर्वत्र सब्ब शब्द के समान रूप होने पर भी प्रथमा और संबोधन के बहुवचन में और पंचमी और सप्तमी के एकवचन में विकल्प से बुद्ध शब्द के समान रूप होते हैं।

स्त्रीलिंग में—चतुर्थी, षष्ठी, सप्तमी—एक० में विकल्प से कञ्ञा शब्द के समान रूप होते हैं। इसी तरह नपुंसकलिंग में पञ्चमी और सप्तमी के एकवचन में विकल्प से चित्त शब्द के समान रूप होते हैं।

यद् शब्द (य)

य शब्द के रूप सर्वत्र सब्ब शब्द के समान होते हैं। यथा—पु० प्र० एक० यो—बहु० ये; द्वि० ए० यं—बहु० ये; तृ० ए० येन—बहु० येहि, येभि इत्यादि।

तद् (त)

त शब्द के पुल्लिंग के प्रथमा के एकवचन में सो, तथा स्त्रीलिंग प्रथमा के एकवचन में सा होता है—अन्यत्र सर्वत्र ही सब्ब शब्द के समान रूप होते हैं। केवल यह विशेषता है कि इसके पुल्लिंग और

स्त्रीलिंग के प्रथमा के एकवचन को छोड़कर सर्वत्र विकल्प से तकार के स्थान में नकार होता है।

[जिस प्रकार संस्कृत में द्वितीया विभक्ति में, तृतीया के एकवचन में तथा षष्ठी और सप्तमी के द्विवचन में एन होता है, उसी प्रकार इसमें सर्वत्र ही एनस्थानीय नकार होता है।]

पुल्लिंग

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	सो	ते, ने
द्वि०	तं, नं	ते, ने
तृ०	तेन, नेन	तेहि, तेभि, नेहि, नेभि इत्यादि।

मोग्गल्लान, प्रयोग, सिद्धि प्रभृति पालीव्याकरणकारों ने त शब्द के और भी रूपों का उल्लेख किया है। वे इस प्रकार हैं—

	एकवचन	अनेकवचन
तृ० पं०	तस्सा, नस्सा, ताय, नाय अस्सा	ताहि, ताभि, नाहि, नाभि
च० ष०	तस्साय, तस्सा, नस्साय, नस्सा, ताय, नाय, अस्साय, अस्सा, तिस्साय, तिस्सा	तासं, तासानं, नासं, नासानं आसं, आसानं, सानं
स०	तस्सं तस्सा, नस्सं, नस्सा, अस्सं, अस्सा, तिस्सं, तिस्सा, तायं, ताय, नायं, नाय	

एतद् (एत) शब्द

एत शब्द के पु० प्रथमा एक०—एसो; स्त्री० प्र० एक० एसा को छोड़कर सब लिंग और सब विभक्तियों में सब्ब शब्द के समान रूप होते हैं, केवल स्त्रीलिंग के तृतीया आदि के रूपों में कुछ विशेषता है, उसका उल्लेख नीचे किया जाता है—

तृ०	पं० एक०	एताय, एतिस्सा
च०	ष० एक०	एताय, एतिस्सा, एतिस्साय
स०	एक०	एताय, एतिस्सं, एतस्सं, एतायं

इम (इदम्)

पुल्लिंग

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	अयं	इमे
द्वि०	इमं	इमे
तृ०	अनेन, इमिना	एहि, एभि, इमेहि, इमेभि
च०	अस्स, इमस्स	एसं, एसानं, इमेसं, इमेसानं
पं०	अस्मा, इमम्हा	एहि, एभि, इमेहि, इमेभि
ष०	अस्स, इमस्स	एसं, एसानं, इमेसं, इमेसानं
स०	अस्मिं, इमस्मिं, इमम्हि,	एसु, इमेसु

स्त्रीलिंग

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	अयं	इमा, इमायो
द्वि०	इमं	इमा, इमायो
तृ०	इमाय	इमाहि, इमाभि
च०	इमाय, इमिस्सा, इमिस्साय अस्सा, अस्साय	इमासं, इमासानं
पं०	इमाय	इमाहि, इमाभि
ष०	इमाय, इमिस्सा, इमिस्साय, अस्सा, अस्साय	इमासं, इमासानं
स०	इमायं, इमिस्सं, अस्स	इमासु

नपुंसकलिंग

प्र०	द्वि० एक० इदं, इमं;	बहु० इमानि

अन्यत्र पुल्लिंग के समान रूप होते हैं।

किसी-किसी के मत में इम शब्द के पूर्वोक्त रूप से अतिरिक्त स्त्रीलिंग तृ पं० एकवचन में अस्सा और इमिस्सा; च० ष० बहुवचन में आलं तथा सप्तमी के एकवचन में इमाय भी रूप होते हैं।

अमुशब्द—(अदस्)

पुल्लिंग

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	असु (अमु)	अमू, अमुयो
द्वि०	अमुं	अमू, अमुयो
तृ०	अमुना	अमूहि, अमूभि
च०	अमुने, अमुस्स	अमूसं, अमूसानं
पं०	अमुना, अमुस्मा, अमुम्हा	अमूहि, अमूभि
ष०	अमुनो, अमुस्स	अमूसं, अमूसानं
स०	अमुस्मिं, अमुम्हि	अमूसु

स्त्रीलिंग

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	असु, अमु	अमू, अमुयो
द्वि०	अमुं	अमू, अमुयो
	एकवचन	अनेकवचन
तृ०	अमुया	अमूहि, अमूभि
च०	अमुया, अमुस्सा	अमूसं, अमूसानं
पं०	अमुया	अमूहि, अमूभि
ष०	अमुया, अमुस्सा	अमूसं, अमूसामं
स०	अमुयं, अमुस्सं	अमूसु

नपुंसकलिंग में प्र० द्वि० ए० अमु—अनेकवचन—अमू को छोड़कर अन्य सब रूप पुल्लिंग के समान होते हैं।

किं शब्द (किम्)

किम् शब्द के स्थान में संस्कृत में क आदेश होता है, पाली में भी किं के स्थान में क आदेश होकर क शब्द अकारांत बन जाता है और उसके रूप सब्ब शब्द के समान होते हैं। विशेषता केवल यह है कि पुल्लिंग और नपुंसकलिंग के चतुर्थी और षष्ठी के एकवचन में वैकल्पिक रूप किस्स तथा सप्तमी के एकवचन में किस्मिं और किम्हि भी पाए जाते हैं।

किं शब्द

पुल्लिंग

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	को	के
द्वि०	कं	के
तृ०	केन	केहि, केभि
च०	कस्स, किस्स	केसं, केसानं
पं०	कस्मा, कम्हा	केहि, केभि
ष०	कस्स, किस्स	केसं, केसानं
स०	कस्मिं, कम्हि, किस्मिं, किम्हि	केसु

स्त्रीलिंग के रूप ठीक सब्बा शब्द के समान होते हैं। नपुंसकलिंग में—प्र० द्वि० एक० में कं, बहु० में कानि पद होता है। किसी-किसी के मत से प्र० द्वि० के एकवचन में किं पद होता है। अन्य सब विभक्तियों के रूप पुल्लिंग के समान होते हैं।

पाली में कौ शब्द कभी-कभी कू के स्थान में भी प्रयुक्त होता है। कहीं-कहीं कथं के अर्थ में भी को शब्द देखा जाता है।

पं० विधुशेखर भट्टाचार्य ने इस स्थल में उदाहरणस्वरूप 'को ते बलं महाराज', इत्यादि उद्धृत किया है।

तुम्ह शब्द—(युष्मत्)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	त्वं, तुवं	तुम्हे
द्वि०	त्वं, तुवं, तवं, तं	तुम्हे, तुम्हाकं
तृ०	त्वया, तया	तुम्हेहि, तुम्हेभि
च०	तव, तुम्हं, तुम्हं	तुम्हाकं
पं०	त्वया, तया	तुम्हेहि, तुम्हेभि
ष०	तव, तुम्हं, तुम्हं	तुम्हाकं
स०	त्वयि, तयि	तुम्हेसु

किसी-किसी के मत से द्वि० एक० और बहु० में तुम्हं तथा पं० एक० में त्वम्हा रूप भी होते हैं।

इसके अतिरिक्त तृ० च० षष्ठी के एकवचन में ते तथा प्र० द्वि० तृ० च० षष्ठी के बहुवचनों में वो रूप भी होता है।

स्त्रीलिंग में भी यही रूप होंगे। ते और वो पद, संस्कृत के समान अपादादि में ही प्रयोग किए जाते हैं। पाद के आदि में इनका प्रयोग नहीं होता।

अम्ह शब्द—(अस्मद्)

	एकवचन	अनेकवचन
प्र०	अहं	मयं, अम्हे
द्वि०	मं, ममं	अम्हाकं, अम्हे
तृ०	मया	अम्हेहि, अम्हेभि
च०	मम, ममं, मय्हं, अम्हं	अस्माकं, अम्हाकं
पं०	मया	अम्हेहि, अम्हेभि
ष०	मम, ममं, मय्हं, अम्हं	अस्माकं, अम्हाकं
स०	मयि	अम्हेसु

अन्य मत से—प्र० के बहुवचन में अस्मा, द्वि० के एकवचन में अम्हं, बहु० में अस्मा तथा सप्तमी बहु० में अस्मासु रूप भी पाए जाते हैं।

इनके अतिरिक्त तृ० च० ष० के एकवचन में मे तथा प्र० द्वि० तृ० च० और षष्ठी के बहुवचन में नो रूप भी पाया जाता है।

संख्या—शब्द

एक शब्द के रूप सर्वत्र ही सब्ब शब्द के समान होंगे।

संस्कृत में उभ शब्द नित्य द्विवचनांत है; पाली में द्विवचन के अभाव में यह शब्द बहुवचन में प्रयुक्त होता है, और इसके तीनों लिंगों के रूप समान होते हैं।

		बहुवचन
प्र०	द्वि०	उभो, उभे
तृ०	पं०	उभोहि, उभोभि, उभेहि, उभेभि
च०	ष०	उभिन्नं
स०		उभोसु, उभेसु

कति शब्द नित्य बहुवचनांत है, तथा इसके भी तीनों लिंगों में समान रूप होते हैं।

		बहुवचन
प्र०	द्वि०	कति
तृ०	पं०	कतीहि, कतीभि
च०	ष०	कतीनं, कतिन्नं
स०		कतीसु

द्वि शब्द

द्वि शब्द भी पाली में बहुवचनांत है और इसके भी रूप तीनों लिंगों में समान होते हैं।

		बहुवचन
प्र०	द्वि०	दुवे, दो
तृ०	पं०	दोहि, दोभि
च०	ष०	दुविन्नं, दिन्नं
स०		दोसु

ति—(त्रि शब्द ; यह शब्द स्वभावतः बहुवचन है ।)

	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
प्र० द्वि०	तयो	तिस्सो	तीणि
तृ० पं०	तीहि, तीभि	तीहि, तीभि	तीहि, तीभि
च० ष०	तिण्णं, तिण्णन्नं	तिस्सन्नं	तिण्णं तिण्णन्नं
स०	तीसु	तीसु	तीसु

यहाँ पर प्र० द्वि० में संस्कृत के रूपों का प्रभाव स्पष्ट प्रकट है। षष्ठी के रूप में भी संस्कृत की छाया विद्यमान है । किसी-किसी के मत में च० ष० के स्त्रीलिंग में तिस्सं, तिण्णन्नं रूप भी होते हैं ।

चतु शब्द (चतुर्)

	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
प्र० द्वि०	चत्तारो, चतुरो	चत्तस्सो	चत्तारि
	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
तृ० पं०	चतूहि, चतूभि	चतूहि, चतूभि	चतूहि, चतूभि
च० ष०	चतुन्नं	चतस्सन्नं	चतुन्नं
स०	चतूसु	चतूसु	चतूसु

पंच शब्द के तीनों लिंगों में समान रूप होते हैं ।

प्र० द्वि०	पंच
तृ० पं०	पंचहि, पंचभि

च० ष० पंचन्नं

स० पंचसु

छ, सत्त, अट्ठ, नव, दस, एकादस, द्वारस अथवा द्वादस वा बारस, तेरस वा तेलस, चुद्दस वा चोद्दस, पंचदस वा पण्णरस, सोरस वा सोलस, सत्तदस वा सत्तरस तथा अट्ठादस वा अट्ठारस शब्दों के रूप इसी प्रकार समझने चाहिए।

विंशति प्रभृति नवति पर्यंत संख्या-वाचक शब्द संस्कृत में एकवचन होते हैं, उसी आधार पर पाली में भी इनके पर्यायवाचक शब्द एकवचन ही होते हैं।

एकूनवीसति प्रभृति शब्द स्त्रीलिंग हैं।

एकूनवीसति

एक

प्र०—	एकूनवीसति
द्वि०	एकूनवीसतिं
तृ० च०, पं० ष०	एकूनवीसतिया
स०	एकूनवीसतिया, एकूनवीसतियं

तृतीया आदि में विकल्प से एकूनवीसत्या रूप भी होते हैं। वीसति, एकवीसति, द्वेवीसति, वा द्वावीसति, वा बावीसति इत्यादि ति प्रत्ययांत रूप इसी प्रकार होंगे।

विंशति प्रभृति संस्कृत शब्दों के स्थान में पाली में वीसति और वीसा एकवीसति; एकवीसा; द्वावीसति; द्वावीसा; तिंसति तिंसा, चत्तालीसति, चत्तालीसा इत्यादि दोनों रूप होते हैं।

इनमें ति प्रत्ययांत के रूप इकारांत रत्ति शब्द के समान तथा आकारांत वीसा प्रभृति के रूप—आकारांत स्त्रीलिंग के रूपों के समान होंगे। विशेषता केवल यह कि आकारांत वीसा प्रभृति शब्द के प्रथमा के एकवचन में वीसा, एकवीसा आदि के स्थान में वीसं एकवीसं आदि रूप दृष्टिगोचर होते हैं।

सत (शत), सहस्स, लक्ख आदि शब्द नपुंसक लिंग हैं, और इनके रूप वित्त शब्द के समान होंगे। तथा कोटि, पकोटि (प्रकोटि) प्रभृति स्त्रीलिंग शब्दों के रूप रत्ति शब्द के समान होंगे।

डुरोसील ने संख्या शब्द तथा उनके पूरणार्थकप्रत्ययांत रूपों की सूची दी है। पूरणार्थक अधिकतर संस्कृत के तम के स्थान में मकार से बनते हैं। कुछ संख्याएँ यहाँ दी जाती हैं—

		पूरणार्थक
१	एक	पठम
२	द्वे	दुतिय
३	तयो	ततिय
४	चत्तारो	चतुत्थ
५	पञ्च	पञ्चथ, पञ्चम
६	छ	छट्ठ, छट्ठम
७	सत्त	सत्थ, सत्तम
८	अट्ठ	अट्ठम
९	नव	नवम
१०	दस, रस, लस, लर	दसम
११	एकारस, एकादस	एकारसम, एकादसम
१२	बारस, द्वारस	बारसम
१३	तेदस, तेरस, तेलस	तेदसम
१४	चतुद्दस, चुद्दस	चतुद्दसम
१५	पञ्चदस, पञ्चरस, पन्नरस	पञ्चदसम
१६	सोळस, सोरस	ळसम
१७	सत्तदस, सत्तरस	सत्तरसम
१८	अट्ठदस, अट्ठरस	अट्ठदसम
१९	एकूनवीसति, एकूनवीसं	एकूनवीसतिम

२०	वीसति, वीसं	वीसतिम
२१	एकवीसति, एकवीसं	एकवीसतिम
३०	तिंसति, तिंसं	तिंसतिम
४०	चत्तालीसं, चत्तारीसं	चत्तालिसतिम
५०	पञ्चास, पञ्चासं	पञ्चासम
६०	सट्ठि	सट्ठिम
७०	सत्तति	सत्ततिम
८०	असीति	असीतिम
९०	नवुति	नवुतिम
१००	सतं	सतम
२००	बासतं, द्वासतं	बासतम
१०००	सहस्सं	सहस्सम

क्रिया-विभाग

संस्कृत के समान पाली में भी क्रियाओं के दो पद होते हैं; परस्मैपद और आत्मनेपद, जैसा कि इन पदों के नामकरण से प्रतीत होता है। क्रिया का फल यदि कर्ता को हो, तो आत्मनेपद, यदि कर्ता से अतिरिक्त किसी को हो, तो परस्मैपद होना चाहिए। संस्कृत में ही शनैः-शनैः इस नियम में शिथिलता आती गई और अंत में यह पद-विभाग प्रथा पर निर्भर हो गया। पाली में आते-आते इसमें और भी शिथिलता हो गई। कहने के लिये पाली में भी दो ही पद होते हैं, परंतु यथार्थ में आत्मनेपद का प्रयोग बहुत कम पाया जाता है। संस्कृत में जिस प्रकार अनुदात्त, ङित् आत्मनेपद का द्योतक है, स्वरित, ञित् परस्मैपद का परिचायक है, यह सब नियम पाली में कुछ नहीं है। पाली में प्रायः परस्मैपद का ही प्रयोग होता है। केवल कहीं-कहीं आत्मनेपद दृष्टिगोचर हो जाता है। यहाँ तक कि कर्मवाच्य, भाववाच्य, कर्मकर्तृवाच्य आदि प्रयोगों में जहाँ संस्कृत

में आत्मनेपद होना आवश्यक है, वहाँ भी पाली में प्रायः विकल्प पाया जाता है। संस्कृत की धातु पाठावली दस गणों में विभक्त है, किंतु पाली में केवल सात गण ही माने गए हैं; अर्थात् भ्वादि, रुधादि, दिवादि, स्वादि, क्र्यादि, तनादि और चुरादि। संस्कृत के बाकी तीन गण—अदादि, तुदादि और जुहोत्यादि भ्वादि गण के अंतर्गत माने गए हैं।

संस्कृत में धातुगण दस प्रकार से प्रयुक्त होते हैं। लट्, लोट्, लङ् और विधिलिङ्; लिट्, लुट्, लृट्, आशीर्लिङ्, लुङ् और लृङ्। किंतु पाली में आशीर्लिङ् और लुट् का प्रयोग नहीं होता। इससे केवल आठ ही लकार रह जाते हैं। लिट् लकार का प्रयोग भी पाली में बहुत ही कम होता है। लङ् और लुङ् भूत काल द्योतित करते हैं। इनमें से भी प्रायः भूतकाल-मात्र द्योतित करने के लिये लुङ् के रूपों ही का पाली में प्रचुरता से प्रयोग पाया जाता है।

लट् लकार
भू धातु

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	भवति	भवन्ति	भवते	भवन्ते
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
मध्यम पुरुष	भवसि	भवथ	भवसे	भवव्हे
उत्तम पुरुष	भवामि	भवाम	भवे	भवाम्हे

नोट—भ्वादिगणीय धातु के उत्तर स्थित अकार (विकरण अकार) का विकल्प से लोप होता है, और उसके स्थान में एकार होता है, इस नियम के अनुसार भवेति, भवेन्ति आदि रूप भी हो सकते हैं।

भूधातु के स्थान में विकल्प से हू आदेश भी होता है—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	होति	होन्ति
म०	होसि	होथ
उ०	होमि	होम

इन उदाहरणों से प्रकट होगा कि लट् लकार के प्रत्यय संस्कृत के अनुसार ही होते हैं। केवल आत्मनेपद के मध्यमपुरुष बहुवचन में ध्वे के स्थान में व्हे होता है। यथा—

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एक०	बहु०	एक०	बहु०
प्र०	ति	अंति	ते	अंते (रे)
म०	सि	थ	से	व्हे
उ०	मि	म	ए	म्हे

संस्कृत में जिस प्रकार मि और म से पूर्व अकार दीर्घ हो जाता है, उसी प्रकार पाली में भी मि, म और म्हे के पूर्व स्थित अकार को दीर्घ हो जाता है।

पच, यज, वह, धम (धमा) आदि धातुओं के रूप इसी प्रकार होंगे।

ठा—(स्था)

संस्कृत में सार्वधातुक लकारों में स्था के स्थान में नित्य तिष्ठ आदेश होता है। पाली में उसका बिलकुल तिरस्कार नहीं हो सका, और ठा के स्थान में विकल्प से तिट्ठ आदेश होता है।

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	ठाति, तिट्ठति	ठन्ति, तिट्ठन्ति
म०	ठासि, तिट्ठसि	ठाथ, तिट्ठथ
उ०	ठामि, तिट्ठामि	ठाम, तिट्ठाम

जुहोत्यादि गण की कुछ आकारांत धातुओं में द्वित्वकार्य का अभाव देखा

जाता है। अन्य सब आकारांत धातु ठा धातु के समान होंगी। गा और झा धातु क्रमशः गै और ध्यै धातु से बनी हैं, इसलिये इनके रूप गाति और झाति न होकर संस्कृत के ऐ के प्रभाव से आय् युक्त गायति, गायन्ति, झायति, झायन्ति इत्यादि होते हैं। संस्कृत का पाली पर प्रभाव कितना पड़ा है और पाली संस्कृत से अथवा संस्कृत पाली से निकली है, इस विषय पर विचार करनेवालों को इससे भी साहाय मिलेगा।

कभी-कभी सम्, उत्, प्रति, उ, नि उपसर्ग पूर्व रहने से ठा के स्थान में ठह आदेश हो जाता है, आगे जाकर हिंदी में यही बिना उपसर्ग के भी ठहरना बन जाता है। उदाहरण—संठहति, संठाति, उट्ठहति, उट्ठाति इत्यादि।

कभी-कभी अधि और उत् उपसर्ग के साथ ठा धातु के आकार के स्थान में एकार होता है। अधिट्ठेन्ति; उट्ठेन्ति। पा धातु के स्थान में भी विकल्प से पिव आदेश होता है तथा पिव का वकार भी विकल्प से बकार हो जाता है।

पिवति, पिबति, पाति; पिवन्ति, पिबन्ति, पन्ति आदि।

दिस (दृश्) धातु के स्थान में विकल्प से पस्स, दिस्स और दक्ख आदेश होते हैं। पस्सति, पस्सन्ति; दिस्सति, दिस्संति; दक्खति, दक्खन्ति इत्यादि।

गम धातु के स्थान में विकल्प से गच्छ और वम्म आदेश होते हैं। गच्छति, गच्छन्ति; वम्मति, वम्मन्ति; गमेन्ति, गमेन्ति इत्यादि रूप होते हैं।

वद धातु के स्थान में विकल्प से वज्ज आदेश होता है। यथा—

वज्जति, वज्जन्ति; वज्जेति, वदति, वदन्ति, वदेति, वदेन्ति इत्यादि।

यम धातु के स्थान में विकल्प से यच्छ होता है। यथा—

यच्छति, यच्छन्ति, यमति, यमन्ति इत्यादि।

सद धातु के स्थान में सीद आदेश होता है। यथा—सीदति, सीदन्ति इत्यादि।

जि धातु के रूप संस्कृत के समान जयति, जयन्ति आदि भी होते हैं और विकल्प से जेति, जेन्ति आदि रूप भी होते हैं। जिस प्रकार संस्कृत में एक ही धातु कभी-कभी भिन्न-भिन्न गणों में पाई जाती हैं, उसी प्रकार पाली में भी कोई-कोई धातु भिन्न-भिन्न गणों में मिलती हैं। जि धातु इसका एक उदाहरण है। इसके रूप क्र्यादि गण के विकरण सहित भी मिलते हैं। यथा—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	जिनाति	जिनन्ति
म०	जिनासि	जिनाथ
उ०	जिनामि	जिनाम

नी धातु के रूप भी दो प्रकार के होते हैं—नयति, नयन्ति और नेति, नेन्ति इत्यादि।

सर (सृ) के रूप—सरति, सरन्ति—आदि होते हैं।

दूसरे-दूसरे गणों की संस्कृत की ऋकारांत अन्य धातुओं के भी रूप प्रायः इसी प्रकार होते हैं।

ऊपर कहे गए गच्छ आदि आदेश संस्कृत में यद्यपि केवल लट्, लोट्, विधिलिङ् और लङ् में ही होते हैं, परंतु पाली में सभी लकारों में ये आदेश पाए जाते हैं। यहाँ तक कि कभी-कभी ये सब आदेश कृत् प्रत्ययों तक में पाए जाते हैं। विकरण के संबंध में भी यही नियम है। पाली के अकार यकार आदि विकरण—लट् आदि सर्वधातुक लकारों में ही बद्ध नहीं रहते किंतु सभी लकारों में होते हैं।

अदादि गण धातु

पाली में जैसा कि पहले लिखा गया है केवल सात गण होते हैं। और अदादि जुहोत्यादि तथा तुदादि गण की संपूर्ण धातुओं का

समावेश भ्वादिगण में कर दिया गया है। परंतु यथार्थ में संस्कृत में अदादि, जुहोत्यादि प्रभृति गणों में गण प्रयुक्त जो विकार होते हैं, उनका आभास पाली तक में पहुँचता है, और अतः वे भ्वादिगण से पृथक्-सी स्पष्ट प्रतीत होती है। इसलिये सुविधा के हेतु इनका यहाँ पृथक् निर्देश करना ही उचित प्रतीत होता है।

इ धातु—(गमनार्थक)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	एति	एन्ति, यन्ति
म०	एसि	एथ
उ०	एमि	एम

या धातु के रूप याति, यन्ति आदि; वा धातु के वाति, वन्ति; भा के भाति, भन्ति; पा के पाति, पन्ति आदि होंगे।

ब्रू धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	ब्रूते	ब्रुवन्ते
म०	ब्रूसे	ब्रूव्हे
उ०	ब्रुवे	ब्रूम्हे

सी (शी) धातु के रूप विकल्प से भ्वा और अदादि दोनों गणों के अनुसार मिलते हैं। यथा—सयति, सयन्ति आदि तथा—सेति, सेन्ति; सेते, सेन्ते इत्यादि।

अस धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अत्थि	सन्ति
म०	असि, अहि	अत्थ
उ०	अस्मि, अम्हि	अस्म, अम्ह

आस धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अच्छति	अच्छन्ति
म०	अच्छसि	अच्छथ
उ०	अच्छामि	अच्छाम

उप पूर्वक आस धातु के रूप उपासत्ति, उपासन्ति आदि होते हैं।

हन धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	हनति, हन्ति	हनन्ति
म०	हनसि (कहीं-कहीं हनासि)	हनथ
उ०	हनामि	हनाम

हन धातु के स्थान में विकल्प से वध आदेश होता है। उस दशा में उसके रूप वधति, वधन्ति इत्यादि होंगे।

वच धातु के वचति, वचन्ति इत्यादि रूप होते हैं। कभी-कभी प्रथम पुरुष के एकवचन में वत्ति रूप भी मिलता है।

दुह धातु के दुहति, दुहन्ति आदि रूप होते हैं। तथा विकल्प से दोहति, दोहन्ति आदि रूप भी मिलते हैं।

लिह धातु के रूप लिहति, लिहन्ति आदि तथा विकल्प से लेहति लेहन्ति आदि होते हैं।

रुद धातु के रुदति, रुदन्ति आदि तथा विकल्प से रोदति, रोदन्ति आदि रूप होते हैं।

विद धातु के विदति, विदन्ति आदि रूप होते हैं।

तुदादिगण

पुच्छ धातु—पुच्छति, पुच्छन्ति इत्यादि। इस (इष) धातु के स्थान में विकल्प से इच्छ आदेश होता है। यथा—इच्छति, इच्छन्ति आदि। विकल्प पक्ष में—एसति, एसन्ति आदि रूप होते हैं।

गिर, गिल (गृ)—गिरति, गिरन्ति, गिलति, गिलन्ति इत्यादि ।

मर (मृङ्) धातु के स्थान में विकल्प से मीय्य और मीय आदेश होते हैं । यथा—मीय्यति, मीय्यन्ति, मीयति, मीयन्ति, मरति, मरन्ति इत्यादि ।

सिच धातु—सिञ्चति, सिञ्चन्ति आदि ।

लिप—लिम्पति, लिम्पन्ति इत्यादि ।

नोट—हिंदी में आकर लिम्पति का मकार लुप्त हो गया, और केवल लीपना रूप रह गया ।

मुच—मुञ्चति, मुञ्चन्ति इत्यादि ।

विद—विन्दति, विन्दन्ति ।

फुस (स्पृश)—फुसति, फुसन्ति इत्यादि ।

दिवादिगण

संस्कृत के समान पाली में भी दिवादिगण में धातु के उत्तर य विकरण होता है । परंतु यह यकार जन, दा इत्यादि थोड़ी-सी धातुओं में ही प्रत्यक्ष दिखाई देता है । अधिकांश धातुओं में संधि होकर उसे पूर्व रूप हो जाता है । यथा दिव—दिव + य + ति = दिब्बति ।

दिव धातु—दिब्बति, दिब्बन्ति आदि ।

सिव—सिब्बति, सिब्बन्ति आदि ।

युध—युज्झति, युज्झन्ति इत्यादि ।

बुध—बुज्झति, बुज्झन्ति इत्यादि ।

हिंदी में आकर यही बूझना हो जाता है ।

कुध—कुज्झति, कुज्झन्ति इत्यादि ।

विध (व्यध)—विज्झति, विज्झन्ति इत्यादि ।

पद—पज्जति, पज्जन्ति इत्यादि ।

नह—नय्हति, नय्हन्ति आदि । ह के साथ यकार के संयोग से दोनों में स्थान-परिवर्तन हो जाता है ।

तुस (तुष्)—तुस्सति, तुस्सन्ति आदि ।

मन—मञ्ञति, मञ्ञन्ति इत्यादि ।

सम (शम्)—सम्मति, सम्मन्ति इत्यादि । जन धातु के स्थान में संस्कृत के समान ही जा आदेश होता है । जायते, जायन्ते आदि ।

दा धातु—दीयति, दीयन्ति आदि ।

जर (जॄ)—धातु के रूप में विशेषता है—

जीय्यति, जीय्यन्ति । किसी-किसी के मत से जिय्यति, जिय्यन्ति तथा विकल्प से जीरति, जीरन्ति, और जरति, जरन्ति आदि रूप होते हैं ।

रुधादिगण

संस्कृत में जहाँ श्नम् विवरण होने से छिनति इत्यादि रूप होते हैं; पाली में छिन्दति, रुन्धति आदि रूप होते हैं। यहाँ भ्वादि-गण के समान अकार धातु के अंत में विकरण स्वरूप आता है, और धातु के पूर्व स्वर के अनंतर अनुस्वार होता है, और उस अनु-स्वार को अपने परवर्ती व्यंजन के अनुसार पर सवर्ण होता है। जैसे—भिन्दति, रुन्धति, छिन्दति, भुञ्जति इत्यादि ।

रुधादिगण के विकरण में एक और विशेषता है । जहाँ अ विकरण कहा गया है, वहाँ इ ई ए तथा ओ भी विकरण स्वरूप प्रयुक्त हुए हैं । अतः इस गण की धातुओं के पाँच भिन्न-भिन्न प्रकार के रूप उपलब्ध होते हैं । यथा—

रुध

प्रथमपुरुष एकवचन—रुन्धति, रुन्धिति, रुन्धीति, रुन्धेति, रुन्धोति ।

,, बहुवचन—रुन्धन्ति, रुन्धिन्ति, रुन्धेन्ति, रुन्धोन्ति ।

भिद्

,, भिन्दति, भिन्दिति, भिन्दीति, भिन्देति, भिन्दोति आदि ।

छिद

प्रथमपुरुष छिन्दति, छिन्दिति, छिन्दीति, छिन्देति, छिन्दोति आदि।

भुज

,, भुञ्जति, भुञ्जिति, भुञ्जीति, भुञ्जेति, भुञ्जोति इत्यादि।

युज

,, युञ्जति, युञ्जिति, युञ्जीति, युञ्जेति, युञ्जोति इत्यादि।

स्वादिगण

स्वादिगण की धातुओं के अनंतर साधारणतः णु विकरण होता है, पर किसी-किसी धातु से णा तथा उणा प्रत्यय भी होते हैं। गुण होने से णु के स्थान में णो हो जाता है।

सु (श्रु) धातु

	(क)		(ख)	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	सुणोति	सुणोन्ति	सुणाति	सुणन्ति
म०	सुणोसि	सुणोथ	सुणासि	सुणाथ
उ०	सुणोमि	सुणोम	सुणामि	सुणाम

हि धातु प्रायः प (प्र) पूर्वक—पहिणोति, पहिणाति, पहिणन्ति इत्यादि।

वु (वृ) धातु—वुणोति, वुणाति, वुणन्ति इत्यादि।

कभी-कभी वणोति प्रयोग भी पाया जाता है।

मि—मिनोति, मिनाति, मिनन्ति आदि।

प पूर्वक अप (प्र आप्)

इसके रूप भी पापुणाति, पापुणन्ति तथा पापुणोति, पप्पोति इत्यादि होते हैं।

सक् (शक्) धातु

सक्कुणाति, सक्कुणन्ति इत्यादि। विकल्प से सक्कोति, सक्कोन्ति इत्यादि।

क्रयादि गण

क्रयादिगण की धातुओं में ना प्रत्यय होता है, और धातु का आदि स्वर यदि दीर्घ हो तो ह्रस्व हो जाता है।

क्री धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	किणाति	किणन्ति
म०	किणासि	किणाथ
उ०	किणामि	किणाम

धू धातु—धुनाति, धुनन्ति इत्यादि।

लू धातु—लुनाति, लुनन्ति इत्यादि।

अस् (अश भक्खणे) धातु—अस्नाति, अस्नन्ति इत्यादि।

जा—ज्ञा धातु के स्थान में जा आदेश होता है। यथा—जानाति, जानन्ति इत्यादि।

गह—गण्हाति, गण्हन्ति, गण्हति, गण्हन्ति इत्यादि।

तथा—घेप्पति, घेप्पन्ति इत्यादि रूप भी होते हैं।

मा—मा धातु के आकार के स्थान में इकार होता है। यथा—मिनाति, मिनन्ति इत्यादि।

तनादिगण

तनादिगण की धातुओं में उ प्रत्यय (विकरण) होता है। उ के स्थान में गुण होने से ओ होता है।

तन धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	तनोति	तनोन्ति
म०	तनोसि	तनोथ
उ०	तनोमि	तनोम

आत्मनेपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	तनुते	तन्वन्ते
म०	तनुसे	तनुव्हे
उ०	तन्वे	तनुम्हे

कर (कृ) धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	करोति	करोन्ति, कुव्वन्ति
म०	करोसि	करोथ
उ०	करोमि	करोम

आत्मनेपद

प्र०	कुरुते	कुव्वन्ते
म०	कुरुसे	कुरुव्हे
उ०	कुव्वे	कुरुम्हे

कर धातु से उत्तर विकल्प से यिर प्रत्यय होता है और उसके परे कर के रकार का लोप हो जाता है। यथा—कयिरति, कयिरन्ति, कयिरसि, कयिरथ इत्यादि।

जुहोत्यादिगण

हु धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	जुहोति, जुह्वति	जुहोन्ति, जुह्वन्ति
म०	जुहोसि, जुह्वसि	जुहोथ, जुह्वथ
उ०	जुहोमि, जुह्वामि	जुहोम, जुह्वाम

कभी-कभी जुह्वति, जुह्वन्ति इत्यादि रूप भी मिलते हैं।

हा धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	जहाति	जहन्ति
म०	जहासि	जहाथ
उ०	जहामि	जहाम

दा धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	ददाति, दज्जति, देति	ददन्ति, दज्जन्ति, देन्ति
म०	ददासि, दज्जसि, देसि	ददाथ, दज्जथ, देथ
उ०	ददामि, दज्जामि, देमि, दम्मि	ददाम, दज्जाम, देम, दम्म

धा धातु—दधाति, दधन्ति इत्यादि तथा विकल्पपक्ष में धेति, धेन्ति इत्यादि।

उपसर्ग सहित धा धातु के द्वित्व होने पर द्वितीय ध के स्थान में कभी-कभी ह होता है। यथा—पिदहति, पिदहन्ति इत्यादि। सद्दहति (श्रद्दधाति), सद्दहन्ति।

चुरादिगण

चुरादिगण की धातु में अय प्रत्यय होता है और अय के स्थान में विकल्प से ए होता है।

चुर धातु—चोरयति, चोरयन्ति; चोरेति, चोरेन्ति इत्यादि।

चिंत धातु—चिन्तयति, चिन्तेति, चिन्तयन्ति, चिन्तेन्ति आदि।

गण धातु—गणयति, गणेति, गणयन्ति, गणेन्ति आदि।

मंत धातु—मन्तयति, मन्तेति इत्यादि।

विद—वेदयति, वेदेति इत्यादि तथा वेदियति, वेदियन्ति आदि रूप भी पाए जाते हैं।

घट—घाटयति, घाटेति, घटयति, घटेति आदि।

लोट्लकार

भू धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	भवतु	भवन्तु
म०	भव, भवाहि	भवथ
उ०	भवामि	भवाम

आत्मनेपद

प्र०	भवतं	भवन्तं
म०	भवस्सु	भवव्हो
उ०	भवे	भवामसे

भू धातु के स्थान में हू आदेश होने पर होतु, होन्तु, होहि, होथ इत्यादि रूप होंगे।

ऊपर के उदाहरणों से स्पष्ट होगा कि लोट् लकार प्रायः संस्कृत के ही समान पाली में भी होता है। मध्यम पुरुष के एकवचन में संस्कृत में केवल भव होता है, परंत पाली में हि का लोप विकल्प से होता है, और भवाहि रूप भी होता है। मध्यम पुरुष के बहुवचन में पाली में भवथ होता है।

आत्मनेपद के रूप में विशेष अंतर है। उत्तम पुरुष के बहुवचन में भवामसे रूप विशेष ध्यान देने योग्य है।

अस धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अत्थु	सन्तु
म०	आहि	अत्थ
उ०	अस्मि, अम्हि	अस्म, अम्ह

गम धातु—गच्छतु, गमेतु, गम्मतु इत्यादि।

दिस (दृश्) धातु—पस्सतु, दिस्सतु, दक्खतु इत्यादि ।

ब्रू धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	ब्रूतु	ब्रुवन्तु
म०	ब्रूहि	ब्रूथ
उ०	ब्रूमि	ब्रूम

आत्मनेपद में ब्रूतं, ब्रुवंतं इत्यादि ।

दा धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	ददातु	ददन्तु
म०	ददाहि	ददाथ
उ०	ददामि	ददाम

विकल्प से देतु, देन्तु ; दज्जतु, दज्जन्तु इत्यादि रूप होते हैं ।

आत्मनेपद

प्र०	ददतं	ददन्तं
म०	ददस्सु	ददव्हो
उ०	ददे	ददामसे

हु धातु—जुहोतु, जुहोन्तु, जुह्वन्तु इत्यादि ।

कर (कृ) धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	करोतु, कुरुतु	करोन्तु, कुब्बन्तु
म०	करोहि, कुरु	करोथ
उ०	करोमि	करोम

आत्मनेपद

प्र०	कुरुतं	कुब्बन्तं
म०	कुरुस्सु, कुरस्सु	कुरुव्हो
उ०	कुब्बे	कुब्बामसे

गह (ग्रह)—गण्हतु, गण्हन्तु, गण्हाहि, गण्हाथ, गण्हामि, गण्हाम इति ।

जा (ज्ञा) परस्मैपद—प्र० जानातु, जानन्तु । म० जान, जानाहि, जानाथ । उ० जानामि, जानाम ।

आत्मनेपद—जानतं, जानन्तं इत्यादि ।

विधिलिङ्

प्रत्यय

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	एय्य, ए	एय्युं	एथ	एरं
म०	एय्यासि, ए	एय्याथ	एथो	एय्यव्हो
उ०	एय्यामि, ए	एय्याम	एय्यं, ए	एय्याम्हे

भू धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	भवेय्य, भवे	भवेय्युं
म०	भवेय्यासि, भवे	भवेय्याथ
उ०	भवेय्यामि, भवे	भवेय्याम

आत्मनेपद

प्र०	भवेथ	भवेरं
म०	भवेथो	भवेय्यव्हो
उ०	भवेय्यं, भवे	भवेय्याम्हे

भू धातु के स्थान में जब हू आदेश होता है, तब हुवेय्य, हुवेय्युं इत्यादि रूप होंगे। सर्वत्र भ के स्थान में ह हो जायगा। वैकल्पिक रूप हेय्य, हेय्युं, हेय्यासि, हेय्याथ, हेय्यामि, हेय्याम और कहीं-कहीं हुवेय्यामि भी होते हैं।

गम धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	गच्छेय्य, गच्छे	गच्छेय्युं
म०	गच्छेय्यासि, गच्छे	गच्छेय्याथ
उ०	गच्छेय्यामि, गच्छे	गच्छेय्याम

इसी प्रकार गमेय्य, गमे, गमेय्युं इत्यादि।

आत्मनेपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	गच्छेथ	गच्छेरं
म०	गच्छेथो	गच्छेय्यव्हो
उ०	गच्छेय्यं, गच्छे	गच्छेय्याम्हो

वद प्रभृति धातुओं के रूप भी इसी प्रकार होंगे। केवल वद के स्थान में प्रथमपुरुष बहुवचन में वज्जु, वज्जुं तथा मध्यमपुरुष एकवचन में वज्जासि, वज्जेसि रूप भी होते हैं।

ठा (स्था) धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	तिट्ठेय्य, ठेय्य	तिट्ठेय्युं, ठेय्युं
म०	तिट्ठेय्यासि, ठेय्यासि	तिट्ठेय्याथ
उ०	तिट्ठेय्यामि, ठेय्यामि	तिट्ठेय्याम, ठेय्याम

दा धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	ददेय्य, ददे	ददेय्युं
म०	ददेय्यासि	ददेय्याथ
उ०	ददेय्यामि	ददेय्याम

इसी तरह देय्य देय्युं इत्यादि रूप भी होते हैं। जब दा के स्थान में दज्ज आदेश होता है, तब दज्जेय्य, दज्जे—दज्जेय्युं आदि रूप होते हैं।

प्रथम पुरुष के एकवचन में दज्जा (दद्यात्), बहुवचन में दज्जं एवं उत्तमपुरुष के एकवचन में दज्जं (दद्याम) पद भी होते हैं।

आत्मनेपद में ददेथ, ददेरं इत्यादि रूप होते हैं। तथा द्वित्व न होने पर देय्य, देय्युं, देय्यासि आदि रूप भी होते हैं।

धा धातु के रूप—दधेय्य, दधे इत्यादि होते हैं।

अपि उपसर्ग पूर्वक धा धातु के रूप होंगे—पिदहेय्य, पिदहे आदि।

नोट—संस्कृत में भागुरि आचार्य के मत से अव और अपि के अकार का लोप हो जाता है, और तदनुसार अपिधान, अवगाहन आदि के स्थान में पिधान, वगाहन आदि रूप होते हैं। मतांतर से लोप नहीं होता। अतः अकार का लोप विकल्प से होता है। यहाँ संस्कृत के प्रयोग का पाली पर पूर्ण प्रभाव पड़ा है।

हु धातु—जुहेय्य, जुहे, जुहेय्युं इत्यादि।

हा धातु—जहेह, जहे, जहेय्युं इत्यादि।

अस धातु (अदादिगणी)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अस्स, सिया	अस्सु, सियुं
म०	अस्स	अस्सथ
उ०	अस्सं	अस्साम

ब्रू धातु (परस्मैपद)

प्र०	ब्रुवेय्य, ब्रुवे	ब्रुवेय्युं
म०	ब्रुवेय्यासि	ब्रुवेय्याथ
उ०	ब्रुवेय्यामि	ब्रुवेय्याम

आत्मनेपद में ब्रुवेथ, ब्रुवेर, मध्यम पुरुष ब्रुवेथो, ब्रुवेय्यव्हो, उत्तम पुरष ब्रुवेय्यं, ब्रुवे, ब्रुवेय्यम्हे रूप होते हैं।

तन धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	तनेय्य, तने	तनेय्युं
म०	तनेय्यासि	तनेय्याथ
उ०	तनेय्यामि	तनेय्याम

कर धातु—कृ

परस्मैदपद

	(क)			
प्र०	करेय्य, करे	करेय्युं		
म०	करेय्यासि	करेय्याथ		
उ०	करेय्यामि	करेय्याम		
	(ख)		(ग)	
प्र०	कयिरा	कयिरुं	कुब्बेय्य, कुब्बे	कुब्बेय्युं
म०	कयिरासि	कयिराथ	कुब्बेय्यासि	कुब्बेथ
उ०	कयिरामि	कयिराम	कुब्बेय्य	कुब्बेय्याम

नोट—करेयु, कयिरुं और कुब्बयुं के स्थान में यथाकम करेय्यं, कयिरं और कुब्बेय्यं रूप होते हैं तथा ख प्रणाली में मध्यम और उत्तम पुरुष के एकवचनों में भी कयिरा रूप होता है। यह डुरोसील का मत है।

आत्मनेपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	कुब्बेथ, क्रब्बेथ, कयिराथ,	कुब्बेरं
म०	कुब्बेथो	कुब्बेरय्व्हो
उ०	कुब्बे, करे, करेय्यं	कुब्बेरयाम्हे

की (क्री) धातु—किणेय्य, किणे, किणेय्युं इत्यादि।

गह (ग्रह) धातु—गण्हेय्य, गण्हे, गण्हेय्युं इत्यादि।

जा (ज्ञा) धातु—जानेय्य, जाने, जानेय्युं इत्यादि।

इसके अतिरिक्त प्रथमपुरुष में जानिया, जन्ना तथा जानेय्याति और उत्तमपुरुष एकवचन में जानेमु रूप भी होते हैं।

छिद धातु—छिंदेय्य, छिंदे, छिंदेय्युं इत्यादि।

या धातु—यायेय्य, यायेय्युं इत्यादि।

नह (स्ना)—न्हायेय्य, न्हायेय्युं इत्यादि।

नि+वा—निब्बायेय्य, निब्बायेय्युं इत्यादि।

परोक्खा (परोक्षा)—लिट्

प्रत्यय

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अ	उ	त्थ	रे
म०	ए	त्थ	त्थो	व्हो
उ०	अ	म्ह	इ	म्हे

पाली में लिट् लकार का प्रयोग बहुत कम होता है। जिस प्रकार संस्कृत में द्वित्व होता है, उसी प्रकार पाली में भी द्वित्व होता है।

पूर्ववर्ती दीर्घ स्वर के स्थान में ह्रस्व, पूर्ववर्ती कवर्ग के स्थान में चवर्ग, वर्ग के द्वितीय और चतुर्थ वर्ण के स्थान में क्रमशः प्रथम और तृतीय वर्ण तथा हकार के स्थान में जकार इत्यादि आदेश संस्कृत के ही अनुसार पाली में भी होते हैं। व्यंजनादि प्रत्यय के परे धातु के अनंतर इकार आगम होता है।

भू धातु

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	बभूव	बभूवु	बभूवित्थ	बभूविरे
म०	बभूवे	बभूवित्थ	बभूवित्थो	बभूविव्हो
उ०	बभूव	बभूविम्ह	बभूवि	बभूविम्हे

पच धातु

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	पपच	पपचु	पपचित्थ	पपचिरे
म०	पपचे	पपचित्थ	पपचित्थो	पपचिव्हो
उ०	पपच	पपचिम्ह	पपचि	पपचिम्हे

गम धातु

प्र०	जगम, जगाम	जगमु	जगमित्थ	जगमिरे
म०	जगमे	जगमित्थ	जगमित्थो	जगमिव्हो
उ०	जगम	जगमिम्ह	जगमि	जगमिम्हे

ब्रू धातु के प्रथमपुरुष एकवचन में आह तथा बहुवचन में आहु तथा आहंसु—रूप होते हैं।

भविस्सन्ती (भविष्यन्ती) लट्

इस लकार में संस्कृत के स्य के स्थान में स्स होता है और प्रत्यय सब वर्त्तमान के समान होते हैं।

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	स्सति	स्सन्ति	स्सते	स्सन्ते
म०	स्ससि	स्सथ	स्ससे	स्सव्हे
उ०	स्सामि	स्साम	स्सं	स्साम्हे

किसी-किसी के मत से आत्मनेपद के प्रथमपुरुष के बहुवचन में स्सरे प्रत्यय भी देखा जाता है।

लृट् लकार में धातुओं के बाद प्रायः इ होता है।

भू धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	भविस्सति	भविस्सन्ति
म०	भविस्ससि	भविस्सथ
उ०	भविस्सामि	भविस्साम

आत्मनेपद

प्र०	भविस्सते	भविस्सन्ते
म०	भविस्ससे	भविस्सव्हे
उ०	भविस्सं	भविस्साम्हे

भू के स्थान में हू आदेश होने से निम्न-लिखित रूप होते हैं। (हू के उकार के स्थान में विकल्प से ए, एह और आह आदेश होते हैं, तथा उनके बाद भविष्यत् के स्स विकरण का विकल्प से लोप होता है।)

	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
	(क)		(ख)	
प्र०	हेति	हेन्ति	हेस्सति	हेस्सन्ति
म०	हेसि	हेथ	हेस्ससि	हेस्सथ
उ०	हेमि	हेम	हेस्सामि	हेस्साम

	(ग)		(घ)	
प्र०	हेहिति	हेहिन्ति	हेहिस्सति	हेहिस्सन्ति
म०	हेहिसि	हेहिथ	हेहिस्ससि	हेहिस्सथ
उ०	हेहामि	हेहाम	हेहिस्सामि	हेहिस्साम
	(ङ)		(च)	
प्र०	होहिति	होहिन्ति	होहिस्सति	होहिस्सन्ति
म०	होहिसि	होहिथ	होहिस्ससि	होहिस्सथ
उ०	होहामि	होहाम	होहिस्सामि	होहिस्साम

नोट—किसी-किसी के मत से उत्तम पुरुष एकवचन में हेआमि और होआमि तथा बहुवचन में हेआम और होआम रूप भी होते हैं।

दिस (दृश्) धातु

	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
	(क)		(ख)	
प्र०	दक्खिति	दक्खिन्ति	दक्खिस्सति	दक्खिस्सन्ति
म०	दक्खिसि	दक्खिथ	दक्खिस्ससि	दक्खिस्सथ
उ०	दक्खामि	दक्खाम	दक्खिस्सामि	दक्खिस्साम
	(ग)		(घ)	
प्र०	दक्खति	दक्खन्ति	पस्सिस्सति	पस्सिस्सन्ति
म०	दक्खसि	दक्खथ	पस्सिस्ससि	पस्सिस्सथ
उ०	दक्खामि	दक्खामि	पस्सिस्सामि	पस्सिस्साम

सक धातु

सक्खिस्सति, सक्खिस्सन्ति आदि परस्मैपद।

सक्खिते, सक्खिन्ते इत्यादि आत्मनेपद।

वच—वक्खति, वक्खन्ति इत्यादि।

मुच—मोक्खति, मोक्खन्ति इत्यादि।

भुज—भोक्खति, भोक्खन्ति इत्यादि ।
वस—वच्छति, वच्छन्ति ।
रुद—रुच्छति, रोदिस्सति, रुच्छन्ति, रोदिस्सन्ति ।
लभ—लच्छति, लभिस्सति, लच्छन्ति, लभिस्सन्ति ।
गम—गच्छिस्सति, गमिस्सति, गच्छिस्सन्ति, गमिस्सन्ति ।
छिद—छेच्छति छिन्दिस्सति, छेच्छन्ति छिन्दिस्सन्ति ।
रुध—रुन्धिस्सति, रुन्धिस्सन्ति ।
जन—जायिस्सति, जनिस्सति, जायिस्सन्ति, जनिस्सन्ति ।
जा (ज्ञा)—जस्सति, जानिस्सति, जस्सन्ति, जानिस्सन्ति ।
जि—जेस्सति, जिनिस्सति, जेस्सन्ति, जिनिस्सन्ति ।
की (क्री)—केस्सति, किणिस्सति, केस्सन्ति, किणिस्सन्ति ।
सु (श्रु)—सोस्सति, सुणिस्सति, सोस्सन्ति, सुणिस्सन्ति ।
गह (ग्रह)—गण्हिस्सति, गहेस्सति, गण्हिस्सन्ति, गहेस्सन्ति ।
दा—दस्सति, ददिस्सति, दज्जिस्सति, दस्सन्ति, ददिस्सन्ति, दज्जिस्सन्ति ।
धा—धस्सति ।
अपि उपसर्ग सहित—पिदहिस्सति ।
परि पूर्वक—परिदहेस्सति ।
इ (गतौ)—एस्सति, एस्सन्ति ।
जर—जीरिस्सति, जीरिस्सन्ति ।
मर—मरिस्सति, मरिस्सन्ति ।
कर (कृ)—करिस्सति, करिस्सन्ति ।

तथा

प्र०	काहति	काहन्ति
म०	काहसि	काहथ
उ०	काहामि	काहाम

तथा

काहिति, काहिन्ति इत्यादि इकार सहित भी रूप होते हैं। नह (स्ना) नहायिस्सति, नहायिस्सन्ति। परि + नि + वा धातु— परिनिब्बायिस्सति, परिनिब्बायिस्सन्ति।

आत्मनेपद—उत्तमपुरुष एकवचन परिनिब्बिस्सं।

कालातिपत्ति (कालातिपत्तिः) लृङ्

प्रत्ययगण

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	स्सा	स्संसु	स्सथ	स्सिंसु
म०	स्से	स्सथ	स्ससे	स्सव्हे
उ०	स्सं	स्सम्हा	स्सं	स्साम्हसे

कभी कभी परस्मैपद प्रथमपुरुष एकवचन स्सा तथा मध्यम पुरुष एकवचन स्से के स्थान में स्स होता है। एवं उत्तम पुरुष बहुवचन स्सम्हा के स्थान में स्सम्ह भी होता है।

संस्कृत के सदृश पाली में भी लृङ् लकार में धातु से पूर्व अकार का आगम होता है। परंतु कहीं-कहीं उसका लोप भी देखा जाता है। अन्य सब कार्य लृट् के समान होते हैं।

भू धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अभविस्सा, अभविस्स	अभविस्संसु
म०	अभविस्से, अभविस्स	अभविस्सथ
उ०	अभविस्सं	अभविस्सम्हा, अभविस्सम्ह

अकार के लोप होने पर भविस्स, भविस्संसु आदि रूप होंगे।

आत्मनेपद

प्र०	अभविस्सथ	अभविस्सिसु
म०	अभविस्ससे	अभविस्सव्हे
उ०	अभविस्सं	अभविस्साम्हसे

गम धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अगच्छिस्सा, अगच्छिस्स	अगच्छिस्संसु
म०	अगच्छिस्से, अगच्छिस्स	अगच्छिस्सथ
उ०	अगच्छिस्सं	अगच्छिस्सम्हा

अन्यान्य धातुओं के रूप भी इसी प्रकार होंगे। यथा—

पच धातु

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अपचिस्सा, अपचिस्स	अपचिस्संसु	अपचिस्सथ	अपचिस्संसु
म०	अपचिस्से, अपचिस्स	अपचिस्सथ	अपचिस्ससे	अपचिस्सव्हे
उ०	अपचिस्सं	अपचिस्सम्हा	अपचिस्सं	अपचिस्साम्हसे

परस्मैपद—प्रथम और मध्यम पुरुष एकवचन में क्रमशः अपचिस्सति और अपचिस्ससि रूप भी होते हैं।

हीयत्तनी (ह्यस्तनी) लङ्

प्रत्यय

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	आ, अ	ऊ, उं	त्थ, थ	त्थुं
म०	ओ, अ	त्थ	से	व्हं
उ०	अ, अं	म्हा	इं	म्हसे

लङ् लकार—परस्मैपद में कभी-कभी प्रथमपुरुष एकवचन

आ के स्थान में अ, बहुवचन ऊ के स्थान में उ और उं ; मध्यम-पुरुष एकवचन ओ के स्थान में अ ; तथा उत्तमपुरुष एकवचन अ के स्थान में अं भी होते हैं। ये रूप बहुत कम पाए जाते हैं।

लङ् लकार में भी धातु से पूर्व अकार आगम होता है। कभी-कभी इस अकार का लोप भी होता है।

भू धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अभवा, अभव	अभवू, अभवु, अभवुं
म०	अभवो	अभवत्थ
उ०	अभव, अभवं	अभवम्हा

आत्मनेपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अभवत्थ	अभवत्थुं
म०	अभवसे	अभवव्हं
उ०	अभवि	अभवम्हसे

भू धातु के स्थान में हू आदेश होने पर ये रूप होंगे—

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अहुवा	अहुवू, अहुवु	अहुवत्थ	अहुवत्थुं
म०	अहुवो	अहुवत्थ	अहुवसे	अहुवव्हं
उ०	अहुवं	अहुवम्हा	अहुवि	अहुवम्हसे

पच धातु

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अपचा	अपचू	अपचत्थ	अपचत्थुं

	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
म०	अपचो	अपचत्थ	अपचसे	अपचव्हं
उ०	अपच, अपचं	अपचम्हा	अपचि	अपचम्हसे

गम धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अगच्छा, अगमा	अगच्छु, अगमु
म०	अगच्छो, अगमो	अगच्छुत्थ, अगमत्थ
उ०	अगच्छ, अगच्छं, अगम, अगमं	अगच्छम्हा, अगमम्हा

आत्मनेपद

प्र०	अगच्छुत्थ, अगमत्थ	अगच्छुथुं, अगमथुं
म०	अगच्छुसे, अगमसे	अगच्छुव्हं, अगमव्हं
उ०	अगच्छि, अगमि	अगच्छुम्हसे, अगमम्हसे

दिस धातु (दृश्) प्रथमपुरुष एकवचन—अद्दसा अथवा अदिस्सा ; उत्तमपुरुष एकवचन अद्दस, अद्दसं ।

वच धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अवचा, अवच	अवचु, अवचुं
म०	अवचो, अवच	अवचुत्थ
उ०	अवचं, अवच	अवचम्हा

ब्रू धातु—अब्रुवा, अब्रुवु इत्यादि ।

कर धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अकरा, अका	अकरु
म०	अकरो	अकरोत्थ, अकत्थ
उ०	अकरं, अकं	अकरम्हा, अकम्ह

आत्मनेपद—प्रथमपुरुष एकवचन अकरत्थ, बहुवचन अकरत्थुं; मध्यमपुरुष एकवचन अकरसे, बहुवचन अकरव्हं; उत्तमपुरुष एकवचन अकरिं, बहुवचन अकरम्हसे।

दा धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अददा	अददु
म०	अददो	अददित्थ
उ०	अददं	अददम्हा

इसे विकल्प से द्वित्व होता है; द्वित्व न होने के पक्ष में ये रूप होंगे—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अदा	अदुं
म०	अदो	अदित्थ
उ०	अदं	अदम्ह

आत्मनेपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अददत्थ	अददत्थुं
म०	अददसे	अददव्हं
उ०	अददिं	अददम्हसे

अज्जतनी (अद्यतनी)

पाली में भूतकाल मात्र को द्योतित करने के लिये प्रायः लुङ् का ही प्रयोग किया जाता है। यही कारण है कि पाली भाषा में जिस प्रचुरता से लुङ् का प्रयोग पाया जाता है, उस प्रकार अन्य किसी भाषा में नहीं मिलता। संस्कृत में भूतकाल के लिये लङ्, लिट् और लुङ् तीन लकार हैं। पाली में लिट् का प्रयोग तो प्रायः नहीं के बराबर है। लङ् का प्रयोग भी विरल है। अनेक स्थलों में लङ् और

लुङ् प्रायः मिल-से गए हैं। इसलिये भूतकाल का भार सर्वथा लुङ् को ही निर्वहन करना पड़ता है। सस्कृत में लुङ् प्रकरण कठिन है। च्लि का लोप, क्स, अङ्, चङ् इत्यादि प्रभेदों से उसके अनेक प्रकार हैं। पाली में भी संस्कृत का प्रभाव पड़ा ही है। अतः इसमें भी सामान्यतः नहीं, तो विशेष स्थलों में अवश्य ही—संस्कृत के रूपों के अनुसार तारतम्य देखा जाता है।

विभक्ति

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्र०	ई, इ	उं, इंसु, इसुं	आ, इत्थ	ऊ
म०	ओ, इ	त्थ	से	व्हं
उ०	इं	म्हा, म्ह	अ, अं	म्हे

व्यंजनादि विभक्ति के परे धातु से उत्तर प्रायः हकार आगम होता है।

धातु से पूर्व विकल्प से अ का आगम होता है। परस्मैपद में कभी-कभी स्वरांत धातु से पर निम्न-लिखित विभक्ति मिला देने ही से साधारण लुङ् का पद बन जाता है—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	सि	सुं
म०	सि	सित्थ
उ०	सिं	सिम्हा, सिम्ह

व्यंजनांत धातु से उत्तर भी कभी-कभी ये सब विभक्तियाँ पाई जाती हैं।

भू धातु

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अभवी, अभवि	अभवुं, अभविसु

	एकवचन	बहुवचन
म०	अभवो, अभवि	अभवित्थ
उ०	अभविं	अभविम्हा, अभविम्ह

आत्मनेपद

प्र०	अभवा, अभवित्थ	अभवू
म०	अभविसे	अभविव्हे
उ०	अभव, अभवं	अभविम्हे

आदि में अकार का आगम विकल्प से होता है। उसके अभाव में भवी, भवि, भवुं, भविसुं इत्यादि रूप होंगे।

भू के स्थान में हू होने से इस प्रकार रूप होंगे—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अहोसि, अहू	अहेसुं, अहवुं
म०	अहोसि	अहोसित्थ
उ०	अहोसिं, अहुं	अहोसिम्ह, अहुम्ह

पच धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अपची, अपचि	अपचुं, अपचिंसु
म०	अपचो, अपचि	अपचित्थ
उ०	अपचिं	अपचिम्हा, अपचिम्ह

गम धातु

	एकवचन	बहुवचन
	(क)	
प्र०	अगच्छि	अगच्छुं, अगच्छिंसु
म०	अगच्छो, अगच्छि	अगच्छित्थ
उ०	अगच्छिं	अगच्छिम्हा, अगच्छिम्ह

(ख)

प्र०	अगमो, अगमि, अगमासि	अगमुं, अगमिंसु, अगमिसुं
म०	अगमो, अगमि	अगमित्थ, अगमुत्थ
उ०	अगमिं	अगमिम्हा, अगमिम्ह, अगमुम्ह

(ग)

प्र०	अगञ्छि	अगञ्छुं, अगञ्छिंसु
म०	अगञ्छो, अगञ्छि	अगञ्छित्थ
उ०	अगञ्छिं	अगञ्छिम्हा, अगञ्छिम्ह

(घ)

लुङ् लकार में गम धातु के स्थान में विकल्प से गा आदेश होता है, उस दशा में इसके रूप इस प्रकार होते हैं—

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अगा	अगुं
म०	अगा	अगुत्थ
उ०	अगं	अगुम्हे

लभ धातु—इसके प्रथम और उत्तम पुरुष के एकवचनों के प्रत्ययों के स्थान में विकल्प से क्रमशः कुत्थ और त्थं होता है। यथा—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अलत्थ, अलभि	अलभिंसु, अलभिसुं
म०	अलभि	अलभित्थ
उ०	अलत्थं, अलभिं	अलभिम्हा

दिस (दृश्)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अपस्सी, अपस्सि	अपस्सिंसु

	एकवचन	बहुवचन
म०	अपस्सि	अपस्सित्थ
उ०	अपस्सिं	अपस्सिम्ह

पस्स आदेश न होने पर ये रूप होंगे—

प्र०	अद्दक्खि	अद्दक्खिसु, अद्दक्खुं
म०	अद्दक्खासि	अद्दक्खासुं
उ०	अद्दसासिं	अद्दसंसु, अद्दसुं

सक (शक्) धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	असक्खि	असक्खिंसु
म०	असक्खि	असक्खित्थ
उ०	असक्खिं	असक्खिम्ह

कुस (कुश) धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अक्कोसि, अक्कोच्छि	अक्कोसिंसु, अक्कोच्छिंसु
म०	अक्कोसि, अक्कोच्छि	अक्कोसित्थ, अक्कोच्छित्थ
उ०	अक्कोसिं	अक्कोसिम्ह

गह (ग्रह) धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अग्गण्हि, अग्गहि, अग्गहेसि	अग्गण्हिसु, अग्गहिंसु, अग्गहेसुं
म०	अग्गण्हि, अग्गहि, अग्गहेसि	अग्गण्हित्थ, अग्गहित्थ, अग्गहेत्थ
उ०	अग्गण्हिं, अग्गहिं, अग्गहेसिं	अग्गण्हिम्ह, अग्गहिम्ह, अग्गहेम्ह

रुध धातु—अरुन्धि, अरुन्धिंसु इत्यादि ।

छिद—अच्छिन्दि, अच्छिन्दिंसु ।

तथा अच्छिज्जि, अच्छिज्जिंसु ।

नि + सद धातु—निसीदि निसीदिंसु, निसीदिसुं ।
भास (भाष)—अभासि अभासिसुं ।

अस धातु (अदादिगणी)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	आसि	आसुं, आसिंसु
म०	आसि	आसित्थ
उ०	आसिं	आसिम्ह

वच धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अवोच	अवोचुं, अवोचु
म०	अवोचो	अवोचुत्थ
उ०	अवोचिं	अवोचुम्हा

ब्रू धातु—अब्रुवी, अब्रुवि अब्रुवुं इत्यादि ।
हन—अवधि, अहनि अवधिंसु, अहतिंसु ।
हा—अजहासि, अजहि अजहुं, अजहंसु ।
दा—अददि, अदज्जि, अदासि अददुं, अददिंसु, अदज्जिंसु, अदंसु ।
ध—अधासि अधंसु इत्यादि ।
पि + धा—पिदहि पिदहिंसु इत्यादि ।
ठा धातु—अट्ठासि अट्ठंसु इत्यादि ।
सं + ठा—सण्ठहि, सण्ठहिंसु इत्यादि ।
पा—अपिबि, अपासि अपिबिंसु, अपंसु ।
जा (ज्ञा)—अजानि, अञ्ञासि अजानिंसु, अञ्ञासुं ।
जि—अजिनि, अजेसि अजिनिंसु, अजेसुं ।
हि—अहिणि अहिणिंसु ।
प + हि—पाहेसि पाहेसुं ।

प + आप (प्राप्)—पापुणि पापुणिंसु ।
नी—अनयि अनयिंसु ।
हु—अजुव्हि, अजुहोसि अजुव्हिंसु, अजुहोसुं ।

कर (कृ) धातु

	एकवचन	बहुवचन
	(क)	
प्र०	अकरि	अकरिंसु, अकंसु, अकरुं
म०	अकरि	अकरित्थ
उ०	अकरिं	अकरिम्ह
	(ख)	
प्र०	अकासि	अकासुं
म०	अका	अकासित्थ
उ०	अकासिं	अकासिम्ह
	आत्मनेपद	
प्र०	अकासित्थ	अकासू
म०	अकासिसे	अकासिव्हे
उ०	अकासुं	अकासिम्हे

चुरादिगणी धातुओं के तथा णिजंत धातुओं के लुङ् के रूप करने में अय् के स्थान में ए हो जायगा और फिर लुङ् के प्रत्यय होंगे । यथा—

चुर धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अचोरेसि	अचोरेसुं
म०	अचोरेसि	अचोरेसित्थ
उ०	अचोरेसिं	अचोरेसिम्ह

मन्त धातु

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अमन्तेसि	अमन्तेसुं
म०	अमन्तेसि	अमन्तेसित्थ
उ०	अमन्तेसिं	अमन्तेसिम्ह

उप + नम (णिजन्त)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	उपनामेसि	उपनामेसुं
म०	उपनामेसि	उपनामेसित्थ
उ०	उपनामेसिं	उपनामेसिम्ह

भू (णिजन्त)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	भावेसि	भावेसुं
म०	भावेसि	भावेसित्थ
उ०	भावेसिं	भावेसिम्ह

णिजन्त

संस्कृत में प्रेरणार्थक धातुओं से णिच् प्रत्यय होता है। पाली में भी अय और आपय प्रत्यय होते हैं। इन प्रत्ययों के बाद धातु में यथासंभव गुण और वृद्धि होते हैं। संस्कृत के णिच् के स्थान में भी अय् होता है, उसके अनुसार पाली में अय् होता है। संस्कृत में कुछ णिजन्त धातुओं को (ऋ ही आकारांत आदि) पुक् आगम होता है, और तदनुसार अर्पयति, हेपयति, दापयति आदि रूप होते हैं। पाली में उसी के अनुकरण में प्रायः सर्वत्र ही वैकल्पिक आपय प्रत्यय होता है।

कर धातु

	एकवचन	बहुवचन
	(क)	
प्र०	कारयति	कारयन्ति
म०	कारयसि	कारयथ
उ०	कारयामि	कारयाम
	(ख)	
प्र०	कारापयति	कारापयन्ति
म०	कारापयसि	कारापयथ
उ०	कारापयामि	कारापयाम

जैसा कि पूर्व में कहा गया है, पदांतर्गत अय के स्थान में कभी-कभी ए हो जाता है, तदनुसार णिजन्त में जब अय के स्थान में ए और आपय के स्थान में आपे हो जायँगे, तो दो प्रकार के रूप और होंगे। यथा—

	एकवचन	बहुवचन
	(ग)	
प्र०	कारेति	कारेन्ति
म०	कारेसि	कारेथ
उ०	कारेमि	कारेम
	(घ)	
प्र०	कारापेति	कारापेन्ति
म०	कारापेसि	कारापेथ
उ०	कारापेमि	कारापेम

अन्यान्य लकार भी इसी प्रकार होंगे।

पच धातु—पाचयति, पाचेति, पाचापयति, पाचापेति।

गुह—गूहयति, गूहेति।

दुस—दूसयति, दूसेति ।
गम—गमयति, गामयति, गामेति, गच्छापयति, गच्छापेति ।
सम—समयति, समेति ।
जन—जनयति, जनेति ।
नियम—नियामयति, नियामेति ।
घट—घटयति, घटेति, घटापयति, घटापेति ।
बुध—बोधयति, बोधेति, बुज्झापयति, बुज्झापेति ।
गह (ग्रह)—ग्राहयति, ग्राहेति, गाहापयति, गाहापेति, गण्हापयति, गण्हापेति ।
हा—जहापयति, जहापेति, हापयति, हापेति ।
दा—दापयति, दापेति ।
अपि + धा—पिधापयति, पिधापेति, पिदहापयति, पिदहापेति ।
हु—जुहापयति, जुहापेति, जुहावेति ।
सु (श्रु)—सावयति, सावेति ।
जि—जयापयति, जयापेति ।
चुर—चोरापयति, चोरापेति ।
चिन्त—चिन्तापयति, चिन्तापेति ।

सनंत

किसी क्रिया की इच्छा होने पर—इच्छार्थक सन् प्रत्यय धातु के बाद होता है । जुहोत्यादि गण के समान सन् के परे द्वित्वादिकार्य होते हैं । यहाँ यह स्मरण रखना चाहिए कि कर्ता क्रिया की इच्छा अपने लिये करेगा तभी सन् होगा । अन्य के लिये क्रिया की इच्छा करने से सन् न होगा । जैसे गोविंदो पिपासति—अर्थात् गोविंद पीने की इच्छा स्वयं करता है और यदि अन्य कोई पिए इस बात की इच्छा गोविंद करे, तो 'पिपासति' यह प्रयोग न होगा । सन् के परे द्वित्व होने पर पूर्वनिर्दिष्ट ह्रस्व, दीर्घ, संधि-कार्य आदि यथासंभव होंगे । पाली-

सनंत के रूप किस प्रकार संस्कृत-सनंत का अनुकरण करते हैं, का पता निम्न-लिखित तुलना से ज्ञात होगा। यथार्थ में पाल स्वतंत्र रूप से सनंत की उत्पत्ति प्रतीत नहीं होती, प्रत्युत संस सनंत रूप से ही, आवश्यक परिवर्तन के अनंतर, पाली सनंत है होता है। यह बात नहीं है कि पाली में सनंत का प्रयोग अ विरल है; परंतु जितनी स्वतंत्रता से अन्य रूप पाली में है, उ स्वतंत्रता इसमें नहीं है, और फलतः पाली के सनंत को संस्कृ सनंत का पूर्ण रूप से मुखापेक्षी होना पड़ता है। जिन धातुओं (तितिक्षति प्रभृति) संस्कृत में स्वार्थ में सन् होता है, उन्हीं धातु से पाली में भी स्वार्थ में सन् होता है।

	संस्कृत-सनंत	पाली
भुज् धातु	बुभुक्षति	बुभुक्खति
घस् (अद्)	जिघत्सति	जिघच्छति
श्रु	शुश्रूषति (ते)	सुस्सूसति
पा	पिपासति	पिवासति
जि	जिगीषति	जिगिंसति
हृ	जिहीर्षति	जिगिंसति

जि और हृ (हर), दोनों के स्थान में पाली में गि आ होता है। स्वार्थ में सन् नीचे लिखी धातुओं से होता है—

तिज्	तितिक्षति (ते)	तितिक्खति
गुप्	जुगुप्सति (ते)	जिगुच्छति
कित्	चिकित्सति	चिकिच्छति, तिकि
मान्	मीमांसते	वीमंसते

सनंत धातु से णिच् होने पर भी पूर्ववत् अय् और होंगे। यथा—

तिज्—तितिक्खयति, तितिक्खापयति

कित्—तिकिच्छयति, तिकिच्छेति, तिकिच्छापयति, तिकिच्छापेति
भुज्—बुभुक्खयति, बुभुक्खापयति

यङन्त और यङ्लुगंत

क्रिया का बार-बार होना अथवा अतिशय होना, इसे द्योतित करने के लिये संस्कृत में यङ् तथा यङ्लुक् होते हैं। श्रीयुत विधुशेखर भट्टाचार्य लिखते हैं कि 'पाली-व्याकरण में इस संबंध में विशेष सूत्र न देखे जाने पर भी तत्सदृश कुछ प्रयोग देखे जाते हैं।' यथार्थ में जहाँ विशेष सूत्र उपलब्ध होते भी हैं, वहाँ भी प्रायः संस्कृत के रूपों में ही परिवर्तन होकर पाली-रूप दिखाई देता है। मूल धातु से पाली में इन रूपों का सिद्ध करना अकांडतांडव होगा।

कुछ उदाहरण उद्धृत किए जाते हैं—

ज्वल धातु पाली में दल हो जाती है। अतः पाली में दादल्लति रूप होता है—संस्कृत में—जाज्वल्यति (ते)।

क्रम (कम—पाली)—	सं०—चङ्क्रमीति,	
	पाली—चङ्कमति	
गम—	सं०—जङ्गमीति	
	पाली—जङ्गमति	
चल—	सं०—चञ्चलीति	
	पाली—चञ्चलति	
लप—	सं०—लालप्यति (ते), लालपीति,	
	पाली—लालप्यति, लालपति	

नाम धातु

नाम (संज्ञा) से तद्वत् आचरण करने में जो क्रियाएँ बनती हैं, वे नाम धातु कहलाती हैं। इस प्रकरण के नियम पाली में प्रायः संस्कृत के समान होते हैं—

पब्बत (पर्वत) के समान हो जाना = पब्बतायति
समुद्द ,, ,, ,, = समुद्दायति
धूम ,, ,, ,, = धूमायति

ये उदाहरण हुए जब उपमान कर्ता था—समुद्द इव आचरति इत्यादि।

परंतु जब उपमान कर्म होगा, अर्थात् पुत्रमिव आचरति शिष्यः = पुत्तीयति; पुत्त = पुत्तीयति; छत्त = छत्तीयति।

अपनी निजी इच्छा किसी वस्तु के प्राप्त करने के लिये होने पर इच्छार्थक धातु के कर्मभूत शब्द से उत्तर ईय होता है।

अत्तनो पत्तं (पात्रं) इच्छति = पत्तीयति।

अत्तनो वत्थं (वस्त्रं) इच्छति = वत्थीयति।

चीवर = चीवरीयति।

पट = पटीयति।

पुत्त = पुत्तीयति इत्यादि।

दळ्हं करोति = दळ्हयति, पमाणं करोति = पमाणयति आदि प्रयोग संस्कृत के समान होते हैं।

कर्म और भाववाच्य

संस्कृत के समान पाली में भी क्रियाओं में कर्मवाच्य, भाववाच्य और कर्मकर्तृवाच्य प्रत्यय होते हैं। कर्म की प्रधानता रहने से—अभिहित होने पर—जब वह प्रथमा में होता है, तब क्रिया में कर्मवाच्य प्रत्यय होते हैं—जैसे देवदत्त अन्न पकाता है; जब अन्न अभिहित होकर प्रथमा में होगा तब यह रूप होगा—अन्न देवदत्त से पकाया जाता है। यह कर्मवाच्य सकर्मक धातुओं में होता है। अकर्मक धातुओं में जब केवल भाव अर्थात् क्रिया-मात्र द्योतित करना अभीष्ट होता है, उस समय कर्ता अप्रधान हो जाता है—जैसे मैं सोता हूँ, मुझसे सोया जाता है। कभी-कभी कर्म ही कर्ता के रूप में आकर क्रिया करता है। इस प्रकार

के प्रयोग को कर्मकर्तृ प्रयोग कहते हैं—जैसे चावल पकता है, रास्ता चलता है आदि। संस्कृत के अनुसार पाली में भी इन तीनों प्रकारों में यकार होता है और फिर साधारण कल्प के नियमों के अनुसार यथासंभव संधिकार्य आदि होते हैं। पाली में, संस्कृत से भिन्न—कर्म और भाववाच्य परस्मैपद और आत्मनेपद, दोनों पदों में प्रयुक्त होते हैं।

यथा—पच्यते—पच्चते, पच्चति।
बुध्यते—बुज्झते, बुज्झति।
उच्यते—उच्चते, उच्चति।
वुच्चते, वुच्चति।

य प्रत्यय होने पर सभी धातुओं से परे विभक्ति और यकार से पूर्व इकार आगम होता है। यथा—

तुस धातु (तुष्)—तुस्सते, तुसियति।
पुच्छ (पृच्छ्)—पुच्छते, पुच्छियति।
दंस (दंश)—दस्सते, दंसियति।
भञ्ज—भञ्जते, भञ्जियति।
सुप (स्वप)—सुप्पते, सुपियते।
नन्द—नन्दियते।
मह—महीयति।
मथ—मथीयति।

निम्न-लिखित रूप भी ध्यान देने योग्य हैं—

इ धातु—ईयते; हू—हूयते; सु—सूयते।
भू—भूयते; लू—लूयते; पू—पूयते।
जन—जायते, जञ्ञते; तन—तायते, तञ्ञते।
वह—उय्हते, वुय्हति; यज—इज्जते; वच—उच्चते, वुच्चते।
इस (इष)—इस्सते, इस्सति, एसीयति, इच्छीयति।

दिस (दृश)—दिस्सति, पस्सीयति, दक्खीयति ।

यम—यमीयति, यच्छीयति ।

गम—गच्छीयति, गच्छीयते ।

वद—वज्जीयति, वदीयति ।

नि+सद—निसज्जते ।

दा—दीयते; पा—पीयते; ठा—ठीयते,

मा—मायते; हा—हीयते; धा—धीयते ।

कर—करीयति, करिय्यति, करिय्यते, कयिरति, कय्यति ।

जर—जीरीयति, जीय्यति ।

चुर—चोरियति ।

चिन्त—चिन्तयति ।

भू—णिच्-कर्मवाच्य—भावीयति ।

अन्यान्य लकार यथानियम विभक्ति (प्रत्यय) आदि के योग से होंगे। उदाहरणार्थ पच धातु के रूप भिन्न-भिन्न लकारों में दिए जाते हैं ।

पच धातु

प्रथमपुरुष

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचत
लट्	पचति	पचन्ति	पचते	पचन्ते
विधिलिङ्	पचे, पचेय्य	पचेय्युं	पचेय	पचेरं
लोट्	पचतु	पचन्तु	पचतं	पचन्तं
लङ्	अपचा	अपचु	अपचत्थ,	अपचथ, अपचत्थुं
लिट्	पपच	पपचु	पपचित्थ	पपचिरे
लृट्	पचिस्सति	पचिस्सन्ति.	पचिस्सते	पचिस्सन्ते

	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
लृङ्	अपच्चिस्सा	अपच्चिस्सं.	अपच्चिस्सथ	अपच्चिस्सिंसु
	अपच्चिस्स	अपच्चिंसु		
लुङ्	अपच्चि	अपच्चिंसु	अपच्चित्थ	अपच्चू
	पच्चि	पच्चिंसु	पच्चित्थ	पच्चू

भू धातु—णिजंत-कर्मवाच्य

प्रथमपुरुष

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
लट्	भावीयति	भावीयन्ति	भावीयते	भावीयन्ते
विधि०	भावीयेय्य	भावीयेय्युं	भावीयेथ	भावीयेरं
लोट्	भावीयतु	भावीयन्तु	भावीयतं	भावीयन्तं
लङ्	अभावीया	अभावीयु	अभावीयत्थ	अभावीयत्थुं
लृट्	भावीयिस्सति	भावीयिस्सन्ति	भावीयिस्सते	भावीयिस्सन्ते
लृङ्	अभावीयिस्सा	अभावीयिस्संसु	अभावीयिस्सथ	अभावीयिस्सिंसु
लुङ्	अभावीयि	अभावीयिंसु	अभावीयित्थ	अभावीयू

अव्यय

संस्कृत के समान पाली में भी उपसर्गों की बहुलता है। धातु के संयोग से उनमें क्या परिवर्तन होता है, यह पूर्व में लिखा जा चुका है। यहाँ केवल उनका परिगणन-मात्र किया जाता है।

प्र प	पबलो (प्रबल:)	अप्पदुट्ठो (अप्रदुष्ट:)
परा	पराजितो,	परक्कमो
अप	अपमानो,	अपेतो
सम्	समासो,	सन्धि
अनु	अनुमतो,	अनुपघातो, अनुस्सरति

अव		अवत्था	ओतरणं, ओवादो
निस् निर्	नी	निग्गतो, निज्झरो,	नीहरणं, नीहारो
दुस् दुर्		दुग्गमं, दूहारः	
वि		विवट्टो, विचित्तं,	वीतिहारो, वीतिक्कमो
अड्		आवासो अक्कोसो (आक्रोशः) अञ्जातो (आज्ञातः)	
नि			
अधि		अधिसीलो, अज्झायो (अध्यायः)	
अपि		अपिधानं	
अति		अतीतो, अच्चन्तं (अत्यन्तं)	
सु		सुग्गहीतो,	
उत्		उग्गच्छति, उप्पन्नो	
अभि		अब्भागमनं (अभ्यागमनं), अब्भन्तरं	
प्रति	पति	पटिबद्धो, पतिरूपं, पच्चेकं, पटिभानं	
परि		परिवुतो, परियादानं (पर्यादानं), पयिरुपासति (पर्युपासति)	
उप		उपसग्गो, उपेक्खा	
		सर्वनाम घटित अव्यय—	
किं		कुहिं, कुहिञ्चनं, कुहं, कह, क, कुत्र, कुत्थ, कत्थ, किस्मिंचि	
तत्		तहिं, तहं, तत्र, तत्थ	
यत्		यहिं, यत्र, यत्थ	
इदम्		इह, इध	
एतद्		अत्र, अत्थ, एत्थ	

सर्व	सब्बत्र, सब्बत्थ, सब्बधि
पर	परत्र, परत्थ
अन्य	अञ्ञत्र, अञ्ञत्थ
इतर	इतरत्र, इतरत्थ
अदस्	अमुत्र, अमुत्थ

संस्कृत में जिस प्रकार पंचमी, सप्तमी, तृतीया प्रभृति से तस् होता है (और वह सार्वविभक्तिक तसिल् कहलाता है), उसी प्रकार पाली में भी होता है।

कुतो, ततो, यतो, इतो, एत, अतो, सब्बतो, पुरिसतो इत्थितो, भिक्खुनितो—इत्यादि।

कालवाचक अव्यय—

किं—कदा, कुदाचनं

तत् (त)—तदा, तदानि, तरहि

यत् (य)—यदा

सर्व (सब्ब)—सब्बदा

इदम् (इम)—अधुना, इदानि, एतरहि

अन्य (अञ्ञ)— अञ्ञदा

एक—एकदा

प्रकारवाचक—

तथा—तथत्त; यथा—यथत्त; इत्थ—सब्बथा, सब्बत्थत्ता, अञ्ञथा।

विभक्ति के अर्थ को प्रकाशित करनेवाले अव्यय—

प्रथमार्थ—अत्थि, सक्का (शक्यं), लब्भो (लभ्यं)। संबोधनार्थ—श्रमणगण को संबोधित करने में आवुसो शब्द का प्रयोग होता है; तथा भंते श्रेष्ठों के लिये आता है; हीन व्यक्ति के संबोधन में रे, अरे, हरे आदि शब्द प्रयुक्त होते हैं। दासी प्रभृति के संबोधन में जे शब्द का प्रयोग होता है।

तृतीयार्थ—सयं (स्वयं), सामं (स्वयं), सं (स्वं), समं, सम्मा (सम्यक्)।

सप्तम्यर्थे—समन्ता, सामन्ता, समन्तो (समन्तात्), परितो, अभितो, एकज्झं (एकत्र), एकमन्तं (एकान्ते), हेट्ठा (अधस्तात्), उपरि, तिरियं (तिर्यक्), सम्मुखा, परम्मुखा (पराङ्मुखं), आवि (आविः = प्रकाशः), रहो, तिरो, अन्तो, अज्झत्तं (अध्यात्मं), बहिद्धा (बहिर्धा), बाहिरा, बाहिरं (बहिः, बाह्यं), ओरं (अवरं, अस्मिन् पक्षे), पारं (परस्मिन् पक्षे), आरा, आरका (आरात् दूरे), पच्छा (पश्चात्), हुरं (परत्र), पुरे (पुरः), पेच्च (प्रेत्य)।

कालवाची—सम्पति (संप्रति), आयति (भविष्यत्काले), अज्ज (अद्य), अपरज्जु (अपरेद्युः), परज्जु (परेद्युः), सुवे, स्वे (श्वः), उत्तरसुवे (उत्तरश्वः), हियो (ह्यः), परे, सज्जु (सद्यः), सायं, पातो (प्रातः), कालं, कल्लं (कल्यं), दिवा, रतं, निच्चं (नित्यं), सततं, अभिण्हं, अभिक्खणं (अभीक्ष्णं), मुहुं (मुहुः), मुहुत्तं (मुहूर्तः), भूतपुब्बं (भूतपूर्वं), पुरा इत्यादि।

अन्यान्य अव्ययगण—

अङ्ग—	संबोधन
अञ्ञदत्थु—	अन्यदस्तु
अत्थं—	अस्त (अदर्शन)
अत्थि—	अस्ति
अत्थु—	अस्तु
अद्धा—	एकांश, एकान्त
अप्येव—	अप्येवं (संशय-द्योतक)
अप्येव नाम—	अप्येवं नाम (संशय-सूचक)

असकं—	असकृत्
अस्सु—	पद-पूरक
आम—	(आम्, हां, स्वीकृति-बोधक)
इङ्घ—	प्रेरणा-प्रवर्तना
ईसं—	ईषत्, अल्प, मन्द
ईसकं—	,, ,, ,,
उद—	उत (विकल्प-द्योतक)
उदाहु—	उताहो ,,
एत्तावता—	एतावता
एनं—	एतत्
ओपायिकं—	सम्मति-सूचक
कच्चि—	कच्चित् (स्वाभिप्राय-प्रकाशक)
किं नं—	किं तत्
किंसु—	किंस्वित् (प्रश्नद्योतक)
किञ्चि—	किञ्चित्
कित्तावता—	कियता, कितना
किर—	किल
कीव—	कियत्
चरहि—	तर्हि (पद-पूरणार्थक)
खो—	खलु
चे—	चेत्
तं—	तत्
तग्घ—	एकांश, एकान्त, (निश्चय)
तथरिव—	तथेव
तावता—	तावता, उतना
दुट्ठु—	दुष्ठु, ख़राब

सुट्ठु—	सुष्ठु, सुन्दर
नं—	(पुनं) तत्
पगे—	प्रगे, प्रातः
पतिरूपं—	प्रतिरूपं, उचित, योग्य
पन—	पुनः
परसवे—	परश्वः, परसों
पसय्ह	प्रसह्य (बलपूर्वक)
पुथु—	पृथक्
पुनप्पुनं —	पुनः-पुनः, बार-बार
पुरत्था—	पुरस्तात्, आगे
बलवं—	बलवत्
मनं—	मनाक्, थोड़ा
मुसा—	मृषा, झूठ
यं०—	यत्
यग्घे—	पद-पूरणार्थक
यथरिव—	यथेव
यावता—	यावता, जितना (परिमाण)
लहुं अथवा लहु—	लघु, शीघ्र, सम्मति (निश्चय)
वथ और वत—	वत पदपूरणार्थक
विय—	इव (उपमासूचक)
विसुं—	अलग होना
वे—	वै (निश्चयात्मक
सचे—	चेत्, तच्चेत्
सच्छि—	साक्षी, साक्षात्, प्रत्यक्ष
सद्धं—	श्रद्धं, श्रद्धायुक्त
सद्धिं	सार्द्धं, साथ

सनिकं—	शनकैः, शनैः, धीरे से
सम्मा—	सम्यक्, सुंदर
ससक्कं—	एकांश, निश्चय
सहसा, साहसा—	हठात्, अचानक
सामि—	सामि, अर्ध, आधा
साहु—	साधु
सुदं—	पदपूरक
सुवत्थि—	स्वस्ति (मंगल-सूचक,)
सुवे—	श्वः
सेय्यथापि—	तद्यथापि
सेय्यथीदं—	तद्यथेदं
ह—	ह, पदपूरक
हवे—	हवै, (निश्चयात्मक)

कृदंत

संस्कृत में वर्तमानकाल द्योतित करने के लिये परस्मैपदी धातुओं से शतृ प्रत्यय तथा आत्मनेपदी से शानच् होता है। पाली में शतृ के स्थान में अन्त तथा शानच् के स्थान में आन अथवा मान होता है। भविष्यत्काल में संस्कृत में स्यतृ होता है। उसके स्थान में पाली में स्सं वा स्सन्तु होता है। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि जिस प्रकार संस्कृत में परस्मैपदी से शतृ और आत्मनेपदी से शानच् होता है, वैसा नियम नहीं है। बिना किसी विशेषता के दोनों पदों से ही ये सब प्रत्यय देखे जाते हैं।

अन्त तथा स्सं और स्सन्तु प्रत्यय जिनके अंत में होते हैं, उन शब्दों के रूप गच्छन्त शब्द के समान होते हैं, और आन और मान प्रत्ययान्त शब्दों के रूप बुद्ध शब्द के समान होंगे।

गम धातु—गम + अन्त = गच्छ, गच्छन्तो; गम + मान = गच्छमानो ; गम + स्सन्तु = गमिस्सं ।

कर धातु—कुब्बन्तो, करोन्तो, कुरुमानो, कराना, करिस्सं

